हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 13 जून 2024

तापमान
अधिकतम 41.6 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

12 नगरीय निकायों के निर्माण, अनुज्ञा स्वीकृति ...



13 शहर में सिर्फ दो फूट ओवरब्रिज इसका भी ...



*दो दिन की मैराथन बैठक के बाद केंद्रीय अध्ययन मंडल ने लगाई सिलेबस पर मुहर*

# जिस विषय में करना है पीजी, उसका चुनाव करना होगा ग्रेज्यूएशन में ही, मंथन के बाद तैयार किया नियम, राजभवन भेजा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

छात्रों को जिन विषयों में स्नातकोत्तर की उपाधि हासिल करनी है, उसका चुनाव स्नातक स्तर पर ही करना होगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत अब स्नातक पाठ्यक्रम की अवधि चार वर्षीय कर दी गई है तथा परीक्षा प्रणाली को सेमेस्टर में बदल दिया गया है। नए नियमों के तहत एक वर्ष की पढ़ाई करने पर सर्टिफिकेट, दो वर्ष की पढ़ाई पर डिप्लोमा तथा तीन वर्ष की पढ़ाई पूर्ण करने पर डिग्री दिए जाने का प्रावधान है। चार साल की पढ़ाई पूर्ण करने पर छात्रों को डिग्री विथ ऑनर्स दिया जाएगा।

डिग्री विथ ऑनर्स प्राप्त करने के बाद छात्र स्नातकोत्तर की उपाधि मात्र एक वर्ष में प्राप्त कर सकेंगे। डिग्री विथ ऑनर्स करते वक्त अर्थात स्नातक के चौथे वर्ष में छात्रों को किसी एक विशेष विषय का चुनाव करना होगा। छात्रों ने जिस विषय की पढ़ाई डिग्री विथ ऑनर्स के दौरान की है, उसी विषय में छात्रों को स्नातकोत्तर की उपाधि दी जाएगी। अर्थात छात्रों को जिस विषय में पीजी की उपाधि प्राप्त करनी है, उसका चयन स्नातकोत्तर की पढ़ाई के दौरान ही करना होगा।

## राजभवन की अनुमति के बाद होगा विश्वविद्यालय में लागू

### नहीं थी बाध्यता

अब तक ऐसी बाध्यता नहीं थी। साइंस और वाणिज्य संकाय के छात्र भी कला संकाय के विषयों में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त करते रहे हैं। छात्रों को च्वॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के अंतर्गत दूसरे संकाय के एक विषय का चुनाव करने की छूट मिलेगी, लेकिन उन्हें इसका चयन स्नातक स्तर पर ही करना होगा, तब ही वे संबंधित विषय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर सकेंगे। चार वर्षीय स्नातक के बाद एक वर्ष में ही छात्रों को स्नातकोत्तर की उपाधि मिल जाएगी।



### बदलाव संबंधित प्रस्ताव पारित

रविवि में केंद्रीय अध्ययन मंडल की बैठक सोमवार और मंगलवार को आयोजित की गई थी। इसमें सभी विषयों के सिलेबस अर्थात करिकूलम पर चर्चा हुई। बैठक में इसे अंतिम रूप दे दिया गया है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय अध्ययन मंडल द्वारा प्रस्तावित सिलेबस को राजभवन भेज दिया गया है। यहां से अनुमति मिलने के बाद इसे महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में लागू कर दिया जाएगा। चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के आधार पर अध्यायों का विभाजन इसमें किया गया है।

REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR
GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

## ड्रंक एंड ड्राइव के प्रकरण दर्ज करने मैनुअली कार्रवाई करनी पड़ती है

# शहर में बढ़ गए शराबी ड्राइवर, पांच माह में 1300 पियक्कड़ों पर एक्शन


हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी पुलिस नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने एक तरफ जहां निजात अभियान चलाकर मादक पदार्थों का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है, दूसरी तरफ ट्रैफिक पुलिस शराब पीकर वाहन चलाने वाले पियक्कड़ वाहन चालकों के खिलाफ ड्रंक एंड ड्राइव की कार्रवाई कर रही है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष ट्रैफिक पुलिस पांच महीने के भीतर 13 सौ से ज्यादा ड्रंक एंड ड्राइव का प्रकरण दर्ज कर चुकी है। पिछले वर्ष सालभर की तुलना में पांच माह के भीतर ड्रंक एंड ड्राइव का दोगुना केस है।

ट्रैफिक पुलिस के अनुसार ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं नशे की हालत में वाहन चलाने से होती है। नशे की हालत में वाहन चलाने वालों की वजह से आम लोगों की ज्यादातर मौतें होती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए गए हैं। ट्रैफिक डीएसपी गुरजीत सिंह के मुताबिक शनिवार तथा रविवार को अभियान चलाकर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को त्वरित ऑनलाइन चालान भेजे जा रहे हैं।

### पिछले सालभर की तुलना में पांच माह के भीतर ड्रंक एंड ड्राइव का दोगुना केस

- शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ ड्रंक एंड ड्राइव की पुलिस कार्रवाई
- ट्रैफिक पुलिस के अनुसार ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं नशे की हालत में हो रहे
- नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वाले चालकों को भेजे जा रहे ऑनलाइन चालान
- 2023 में एक लाख 10 हजार से ज्यादा वाहन चालकों पर कार्रवाई



### चार वर्षों की तुलना में जुर्माना राशि ज्यादा

गौरतलब है कि ट्रैफिक पुलिस ने वर्ष 2020 में पूरे वर्ष में लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ 81 हजार 288 कार्रवाई की थी, जिसमें जुर्माना के रूप में साढ़े तीन करोड़ रुपए की वसूली हुई थी। वर्ष 2021 में कार्रवाई कम होने के साथ जुर्माना राशि की वसूली कम हुई थी। लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी पिछले दो वर्षों में देखी गई है। वर्ष 2023 में ट्रैफिक पुलिस ने एक लाख 10 हजार से ज्यादा लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नौ करोड़ रुपए जुर्माना राशि वसूल की थी। इस वर्ष पांच महीने में 46 हजार कार्रवाई करते हुए साढ़े चार करोड़ रुपए जुर्माना राशि वसूल की है।

### दो साल पूर्व तक सौ-दो सौ कार्रवाई

नए मोटर व्हीकल एक्ट लागू होने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज की है। दो वर्ष पूर्व शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ पूरे वर्ष में जहां सौ-दो सौ कार्रवाई होती थी, पिछले दो वर्षों की तुलना में कार्रवाई में तेजी आई है। पिछले वर्ष ड्रंक एंड ड्राइव को लेकर ट्रैफिक पुलिस ने साढ़े छह सौ के करीब कार्रवाई की थी। उससे दोगुनी कार्रवाई पांच महीने के भीतर की गई है।

### फिर भी नहीं थम रहे ड्रंक एंड ड्राइव के मामले

शराब के नशे में धुत होकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस लगातार कार्रवाई करने के दावे कर रही है। बावजूद इसके ड्रंक एंड ड्राइव के मामले थम नहीं रहे। शहर के वीआईपी रोड सहित रिंग रोड में शराब पीकर वाहन चलाने वालों की वजह से आए दिन एक्सीडेंट की घटनाएं हो रही हैं। पिछले दिनों ऐसे ही एक मामले में शराब के नशे में धुत कार चालक ने मैग्नेटो मॉल के पास बने बस स्टापेज में कार चढ़ा दी। कार की चपेट में आने से बस स्टॉपेज में सो रहे भिलाई के एक युवक की मौत हो गई। ड्रंक एंड ड्राइव की वजह से सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं तेलीबांधा थाना क्षेत्र में होती हैं।

### अभियान चलाकर कार्रवाई

ड्रंक एंड ड्राइव रोकने अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है, पिछले पांच माह के भीतर 13 शराबी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

- गुरजीत सिंह
ट्रैफिक डीएसपी

# बस्तर में बारिश, सरगुजा में ग्रीष्मलहर के हालात रायपुर में भी गर्मी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मानसून के आगे बढ़ने के बीच बस्तर में बारिश की गतिविधि बढ़ गई है, मगर सरगुजा संभाग में ग्रीष्मलहर के हालात बन गए हैं। मध्य इलाके यानी रायपुर में कहीं बारिश तो कहीं गर्मी जैसी स्थिति बनी हुई है। सुकमा से बीजापुर पहुंच चुका मानसून आजकल में पूरे बस्तर में सक्रिय हो जाएगा और रायपुर तक अपनी सामान्य तिथि 16 जून तक पहुंचने की गुंजाइश है।

- रायपुर तक अपने सामान्य समय 16 जून तक पहुंचने की गुंजाइश

शनिवार को सुकमा में एंट्री करने वाला दक्षिण-पश्चिम मानसून बुधवार को बीजापुर तक पहुंच गया और एक-दो दिन में इसके पूरे बस्तर में सक्रिय हो जाने की संभावना है। अभी बस्तर के अधिकतर इलाकों में बारिश की स्थिति बन गई है। बादलों और नमी की वजह से वहां का तापमान सामान्य से चार से पांच डिग्री तक नीचे चला गया है, मगर उत्तर यानी सरगुजा संभाग में पारा सामान्य से उतनी ही अधिक होने की वजह से वहां लू जैसी स्थिति बनने लगी है। मौसम विभाग द्वारा अगले दो दिन तक वहां के एक-दो हिस्सों में ग्रीष्मलहर चलने की चेतावनी जारी की गई है। अभी रायपुर ⏭ शेष पेज 13 पर

### बस्तर में बारिश का दौर

दक्षिण पश्चिम मानसून की उत्तरी सीमा नवसारी, जलगांव, अमरावती, चन्द्रपुर, बीजापुर, विजयनगरम, सुकमा और इस्लामपुर है। इसके प्रभाव से बस्तर में अधिक बारिश होने के आसार है। पिछले चौबीस घंटे में बीजपुर में 5, ओरछा, कटेकल्याण, नारायणपुर में तीन सेमी., पंखाजूर, बस्तर, भोपालपट्नम, कोंडागांव सहित अन्य इलाकों में दो से एक सेमी. तक बारिश हुई है।

### रायपुर में कब पहुंचा मानसून

| वर्ष | तिथि |
|---|---|
| 19 जून | 2014 |
| 14 जून | 2015 |
| 18 जून | 2016 |
| 21 जून | 2017 |
| 26 जून | 2018 |
| 22 जून | 2019 |
| 12 जून | 2020 |
| 10 जून | 2021 |
| 17 जून | 2022 |
| 23 जून | 2023 |

### कोरबा-बिलासपुर में एक पारा

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार बुधवार को कोरबा और रायपुर का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया। इसके अलावा अंबिकापुर 41.7, रायपुर का पारा 41.6, माना बस्ती 41.5, राजनांदगांव 40.5, पेंड्रा 40.2, दुर्ग 39.4, जगदलपुर 29.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। अगले चौबीस घंटे में इसमें बड़ा बदलाव होने की संभावना कम है।

## खबर संक्षेप

### अपसी रंजिश पर ईंट से हमला

रायपुर। आजाद चौक थाना में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ आपसी रंजिश पर ईंट से तथा किसी भारी चीज से हमला कर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक डीडीनगर निवासी विशाल बेलानी ने आयुश गंगवानी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। विशाल ने पुलिस को बताया है कि आपसी रंजिश पर आयुश ने लाखेनगर के पास उसका रास्ता रोक कर ईंट तथा किसी भारी चीज से उस पर हमला कर मारपीट की है।

### घरेलू विवाद पर पत्नी के साथ मारपीट




रायपुर। सिविल लाइंस थाना में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ आपसी रंजिश पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक मंडी गेट निवासी लक्ष्मी गेहानी ने अपने पति रवि गेहानी के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। लक्ष्मी ने पुलिस को बताया है कि घरेलू विवाद पर उसके पति ने झगड़ा कर उस पर प्रेशर कुकर के ढक्कन से चोट पहुंचाई।

### सामान टटोलने से मना करने पर मारपीट

रायपुर। गोलबाजार थाना में एक ऑटो चालक ने एक अज्ञात कार चालक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक मोहम्मद अजहर ने मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अजहर ने पुलिस को बताया है कि वह घड़ी चौक, रेरा ऑफिस के पास अपने ऑटो में सवारी बैठा रहा था। इसी दौरान एक अज्ञात कार चालक वहां पहुंचा और यात्रियों का सामान टटोलने लगा। सामान टटोलने से मना करने पर कार चालक ने अजहर के साथ मारपीट कर किसी नुकीली चीज से वार किया और मौके से फरार हो गया।

### पेड़ काटने से मना करने पर मारपीट

रायपुर। टिकरापारा थाना में एक व्यक्ति ने अज्ञात दो लड़कों के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



पुलिस के मुताबिक पुष्पक कुमार सिंह ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुष्पक ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात दो लड़के गोकुल नगर स्थित शराब दुकान के पीछे उसके फार्म हाउस का पेड़ काट रहे थे। पेड़ काटने का विरोध करने पर अज्ञात बदमाशों ने पुष्पक के साथ मारपीट कर किसी नुकीली चीज से हमला किया और फरार हो गए।

# सामुदायिक भवन पर कब्जा पर योजना एवं सांख्यिकी विभाग सख्त तत्काल खाली कराने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


विधायक निधि से बने सामुदायिक भवन पर स्थानीय लोगों का कब्जा, सालभर से जमे हुए
इसलिए कोई इवेंट भी नहीं

खबर का असर

शहर के सिविल लाइन वार्ड अंतर्गत जोगी नगर में विधायक निधि की राशि से बने सामुदायिक भवन पर पिछले एक साल से कब्जा कर कुछ लोग उसे घर की तरह उपयोग करने लगे थे। हरिभूमि ने सामुदायिक भवन में किए गए इस कब्जा का भंडाफोड़ करते हुए खबर प्रकाशित की। इस खबर का असर अब देखने भी मिला है। विधायक निधि की राशि स्वीकृत करने वाले योजना एवं सांख्यिकी विभाग ने इस खबर पर एक्शन लेते हुए संबंधित क्षेत्र के जोन आयुक्त को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि तत्काल सामुदायिक भवन को कब्जा मुक्त कराकर वास्तुस्थिति की जानकारी दें। कुछ लोगों की मिली शिकायत पर हरिभूमि टीम ने जोगी नगर सामुदायिक भवन की पड़ताल की थी। इस पड़ताल में शिकायत सही मिली। सामुदायिक भवन में मोहल्ले में रहने ⏭ शेष पेज 13 पर

### *निर्देश के बाद भी कार्रवाई नहीं, आयुक्त ने कहा- आज कराएंगे खाली*

*योजना व सांख्यिकी विभाग ने जोन आयुक्त को दोपहर करीब 1 बजे पत्र जारी किया है। इस पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि भवन को तत्काल कब्जा से मुक्त कराया जाए, लेकिन इस निर्देश के बाद भी देर शाम तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि जोन आयुक्त ने बातचीत में इसकी पुष्टि भी की है कि कुछ परिवार भवन में सालभर से निवास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसकी जानकारी हमें नहीं थी। योजना एवं सांख्यिकी विभाग के निर्देश भी मिले हैं। इस मामले में गुरुवार को भवन को कब्जा मुक्त कराने की कार्रवाई की जाएगी।*

### *पार्षद को पहले से थी सामुदायिक भवन पर कब्जा की जानकारी*

*सामुदायिक भवन में कुछ परिवार के रहने की जानकारी वार्ड के पार्षद नीलम जगत को भी थी। उन्होंने बताया कि भवन में एक नहीं, बल्कि दो परिवार रहते हैं। इन परिवारों का मोहल्ले में दूसरी जगह पर मकान का निर्माण चल रहा है। इसके कारण ये परिवार भवन में रह रहे हैं। हरिभूमि की खबर के बाद पार्षद ने भी जोन आयुक्त को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। उन्होंने यह भी बताया कि भवन की चाबी मोहल्लेवासियों के पास ही रहती है।*

## एमआईसी सदस्य कलेक्टर से मिलेंगे

# ट्रेजर आईलैंड से निगम को 15 करोड़ का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहरी सरकार की परिषद जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार से मुलाकात कर ट्रेजर आईलैंड के नियमितीकरण का विरोध करेगी। राजीनामा के बाद 17 करोड़ की बकाया राशि वसूलने की जगह नियमितीकरण में इस राशि को घटाकर 2.50 करोड़ में सेटलमेंट को लेकर महापौर एजाज ढेबर सहित एमआईसी सदस्यों ने जमकर नाराजगी जताई है। इस मामले में परिषद के सदस्य जल्द जिला कलेक्टर से मिलकर नगर निगम को ट्रेजर आईलैंड से हो रहे 15 करोड़ के नुकसान की ओर ध्यान आकर्षित करायेंगे। दरअसल, नगर निगम जोन 9 क्षेत्र अंतर्गत सेरीखेड़ी के पास बने रहे मॉल ट्रेजर आईलैंड के 17 करोड़ की बकाया भुगतान राशि




को घटाकर मात्र 2.50 करोड़ में नियमितीकरण के तहत सेटलमेंट करने का मामला चर्चा में है। मॉल प्रबंधन को नगर निगम ने राजीनामा के तहत पूर्व में डिमांड दिया था। इससे नगर निगम को एक बड़ी राशि राजस्व के रूप में मिलती, पर राजीनामा के प्रकरण को नियमितीकरण में बदला जा रहा है। महापौर एजाज ढेबर, एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि इससे नगर निगम को 15 करोड़ का नुकसान हो रहा है। इसके विरोध में सभी एमआईसी ⏭ शेष पेज 13 पर

# मेडिकल कालेज में प्लास्टर सहित फॉल्स सीलिंग गिरा, बड़ा हादसा टला

## कम्यूनिटी मेडिसिन के फैकल्टी कक्ष का मामला, हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के कम्यूनिटी मेडिसिन विभाग में बुधवार को बड़ा हादसा टल गया। विभाग के फैकल्टी कक्ष का प्लास्टर फॉल्स सीलिंग सहित भरभराकर गिर पड़ा। कुछ देर पहले ही वहां से एक छात्रा बाहर निकली थी। इस घटना से कालेज में हड़कंप मच गया। लगभग 45 साल पुरानी हो चुकी इस बिल्डिंग की मरम्मत कराने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक पंडित जवाहर लाल नेहरू स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का भवन करीब 45 साल पुराना है। यहां बारिश के दिनों में सीपेज के साथ पानी टपकने और कई बार प्लास्टर और फॉल्स सीलिंग के गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ समय पहले कम्यूनिटी मेडिसिन के विभागाध्यक्ष कक्ष में फॉल्स सीलिंग गिरा था। ⏭ शेष पेज 13 पर

- 45 साल पुरानी हो चुकी बिल्डिंग, ऑडिट कराने की जरूरत



### *पीडब्लूडी को चिट्ठी*

*बुधवार को हुई घटना और पूर्व की शिकायतों को ध्यान में रखते हुए कालेज के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ. अरविंद नेरल ने लोक निर्माण विभाग संभाग-दो के कार्यपालन अभियंता को पत्र भेजकर घटना की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटना की रोकथाम के लिए कालेज भवन में आवश्यकता के मुताबिक मरम्मत अथवा अन्य तरह की आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।*

# 9 पानी टंकियों से आज शाम नहीं मिलेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट से मोवा-सड्डू की ओर जाने वाली पाइप लाइन में अवंति विहार नाले के पास लीकेज आ गया है। 700 एमएम की इस पाइप लाइन के मरम्मत कार्य के लिए इस प्लांट से भरने वाली 9 पानी टंकियों में 13 जून की शाम जल आपूर्ति नहीं होगी। इससे 9 पानी टंकी से कनेक्टड एरिया में शामि के समय लोगों को नलों से पानी नहीं मिलेगा।

- मरम्मत कार्य के लिए 10 घंटे का शटडाउन



गुरुवार को मोवा-सड्डू की ओर जाने वाली राइजिंग मेन लाइन में अवंति विहार नाले के पास लीकेज मरम्मत का कार्य किया जायेगा। इसके लिए 10 ⏭ शेष पेज 13 पर

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री साय से सांसद कश्यप ने की मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से यहां उनके निवास कार्यालय में बस्तर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद महेश कश्यप ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को उपहार स्वरूप काष्ठ शिल्प से निर्मित भगवान श्री राम की मूर्ति भेंट की। मुख्यमंत्री ने श्री कश्यप को लोकसभा सांसद निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### पार्षद अनवर हुसैन को शोकॉज नोटिस, 7 दिन में मांगा जवाब

रायपुर। हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड के कांग्रेसी पार्षद अनवर हुसैन को शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने गांधी सदन में एमआईसी बैठक के दिन गेट के बाहर अर्ध नग्न प्रदर्शन करने पर शोकॉज नोटिस जारी किया है। उन पर अनुशासन हीनता बरतने के लिए 7 दिन के अंदर नोटिस का जवाब मांगा है। नगर निगम जोन 2 के मौदहापारा इलाके में पानी की समस्या को लेकर वार्ड पार्षद अनवर हुसैन ने अपनी ही पार्टी के महापौर के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए विरोध जताया। निगम मुख्यालय में एमआईसी बैठक के दिन गेट के बाहर अर्ध नग्न होकर धरने पर बैठे कांग्रेसी पार्षद ने वार्ड की समस्या को लेकर ध्यान आकर्षित कराया। महापौर एजाज ढेबर की मौखिक शिकायत पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह और शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के निर्देश पर 7 दिन में नोटिस का जवाब मांगा गया है।

### बलौदाबाजार की घटना भाजपा सरकार की लापरवाही और नाकामी का परिणाम

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार की लापरवाही और नाकामी का परिणाम है बलौदाबाजार की घटना। घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा अपने पद से इस्तीफा दें। इस्तीफा नहीं देते तो मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को बर्खास्त करें। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, कलेक्टर और एसपी के कार्यालय को एक साथ जला दिया गया। यह घटना राज्य के कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है। उन्होंने कहा, यह घटना सरकार के इंटेलीजेंस फेलियर का परिणाम है। समाज ने प्रदर्शन के लिये अनुमति ली थी। सरकार को जानकारी थी, फिर भी सावधानी क्यों नहीं बरती गयी? सतनामी समाज द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को बलौदाबाजार पहुंचने की अपील की गयी थी। बड़ी संख्या में लोग आयेंगे इसका भी अनुमान था, फिर प्रशासन ने लापरवाही क्यों बरती? उन्होंने कहा, साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी है। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्रवाई की गई होती और समाज से संवाद किया गया होता, तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती।

### वार्डों के परिसीमन के दौरान ब्लॉक दो वार्डों में न बंटें- नया आदेश

रायपुर। छत्तीसगढ़ में नवंबर दिसंबर में होने वाले नगर निगमों के चुनाव के लिए नए सिरे से वार्डों का परिसीमन करने का आदेश जारी करने के बाद राज्य सरकार ने इस संबंध में एक नया अतिरिक्त निर्देश जारी किया है। अब कहा गया है कि जनगणना वर्ष 2011 कार्य के लिए जो गणना ब्लॉक बनाए गए थे, यथा संभव यह गणना ब्लॉक पूरी तरह से एक ही वार्ड में शामिल रहे, किन्ही भी परिस्थितियों में गणना ब्लॉक दो या अधिक वार्डों में विभाजित न हो। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को एक और आदेश बुधवार को जारी किया है। इसमें कहा गया है कि आगामी जनगणना का कार्य जनगणना 2011 के गणना ब्लॉकों के आधार पर किया जाना है। यह भी कहा गया है कि गणना ब्लॉक विभाजित हो जाने से जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार अनुसूचित जाति, जनजाति, की जनसंख्या के आंकड़े गणना ब्लॉकवार उपलब्ध नहीं हो सकेंगे।

# टंकी बनी और पाइप लाइन बिछी, फिर भी गिरोला में भीषण जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

ग्राम पंचायत गिरोला में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। यहां की महिलाएं दूर दराज से पानी लाने मजबूर है । ऐसा नहीं है कि शासन ने यहां उक्त समस्या के समाधान के लिए कोई कार्य नहीं किया है बल्कि लाखों रुपए की राशि स्वीकृत होने एवं पानी टंकी लाइन विस्तार के बावजूद पीएचई की अफसरों की लापरवाह कार्य शैली से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शासन के जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रो फिटिंग जलप्रदाय योजना के तहत ग्राम गिरोला में 58.13 लख रुपए की लागत से 50 हजार लीटर की क्षमता वाली पानी टंकी का निर्माण एवं पाइप लाइन विस्तार किया गया है लेकिन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से अब तक पानी सप्लाई नहीं हो रही है बताया जाता है की 200 फीट वाली गहरी बोर में 110 फिट तक पाइप डाला गया है जिसकी वजह से पानी नहीं आ रहा है गांव के भाटापारा जहां पर बोर एवं पानी टंकी का निर्माण किया गया है वहा भी पेयजल की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है । गांव मे गिने चुने ही हैंडपंप है उसका भी जलस्तर नीचे आ गया है उसी के भरोसे सैकड़ो परिवार का काम चल रहा है यही हाल यहां के वार्ड नंबर 14 का है यहां इस क्षेत्र के जनपद सदस्य भी निवास करते हैं वहां के रहने वाले काफी दूर से सर में गुंडी(पानी रखने का पात्र) रखकर पानी लाने विवश है।

टंकी बनी और पाइप लाइन बिछी, फिर भी गिरोला में भीषण जलसंकट

**समाधान की मांग**

*वार्ड की निवाड़ी बघेल सुखाम बघेल, बुधियारीन, बिंदिया गायत्री हिच्चा राम ,नानहु, बालक दास चैतराम ने बताया कि पी एचई अधिकारी दीपक कोहली से कई बार मिन्नतें करने के बावजूद इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया वार्ड के प्रमुख नागरिकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखित ज्ञापन के माध्यम से समस्या की त्वरित समाधान करने की मांग किया गया है वही समस्या का निदान न होने पर संघर्ष का रास्ता अपनाने की बात कही गई है।*



**बिजली की समस्या**

*इस संबंध मे पीएचई एसडीओ दीपक कोहली ने बताया कि इलेक्ट्रिक की समस्या के कारण यह स्थिती पैदा हुई है जिसे सुधरवाने के बाद पानी की सप्लाई होने लगेगी।*

## समस्या : गांवों के तालाबों का पानी प्रदूषित, चर्म रोग सहित अन्य बीमारियां फैल रही

# सिलतरा से जरौदा तक काले डस्ट की चादर, खेती और सेहत के लिए घातक, फिर भी प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

- नामचीन उद्योगों की खुलेआम मनमानी के खिलाफ की शिकायत पर कार्रवाई नहीं

रायपुर राजधानी के सबसे करीब इलाका धरसींवा क्षेत्र है जंहा प्रदेश की सबसे बड़ी उद्योग नगर इसी इलाके में है जंहा भीषण गर्मी में ग्रामीणों को दोहरी संकट झेलनी पड़ रही है एक तो तेज गर्मी तो दूसरी ओर अवसरवादी उद्योगपतियों द्वारा उद्योगों से छोड़ती काली डस्ट और जहरीली प्रदूषण जिसका बड़ा असर गांव के तालाबो,नदी औऱ सड़को में दिखाई पड़ रहा है जिससे ग्रामीणों को इस गर्मी में आबोहवा की लाले पड़ गए है।हरिभूमि की अपनी पड़ताल में सिलतरा से लेकर धरसींवा और विधान सभा भवन इलाके से लेकर ग्राम जरौदा तक प्रदूषण की मार पढ़ रही है।

किसी जमाने में रायपुर और धरसींवा क्षेत्र को तालाबों के गढ़ के रुप में जाना जाता था। जिसमें एक अकेला नगर पंचायत कुरा में बीस वर्ष पहले ही 136 तालाब हुआ करते थे। वही ग्रामीणों की पहली पसंद तालाब ही होती है। जहां हर गांव में आज तालाब है। ये तालाब यू ही नहीं बने है इन्हें बनाने का बड़ा कारण जल संचय करना और भू जल को रिचार्ज करना था। यही कारण है जो की आज भी गांवों में कुएं व तालाबों में पानी भरे रहते है।

वही धरसींवा क्षेत्र के एक पूरा इलाका खारुन नदी पर आश्रित है। वही खारुन नदी से उद्योगों में भर पानी जा रहा है मगर कभी उद्योग नगर सिलतरा इस ओर ध्यान नहीं दिए कि हम जिस क्षेत्र में हम उद्योग लगाए है।

वहाँ की नदी और तालाबों की रक्षा करे। बल्कि उद्योगों द्वारा नदी और तालाबों में उद्योगों का कैमिकल युक्त जहरीली पानी छोड़ा जा रहा है। जहां मानव जाति के लिए घातक साबित हो रहा है। अगर जल्द ही इनका कोई ठोस उपाय नहीं किया गया तो इन नदी नालों और तालाबों के सीवरेज की गंदगी हमारे भू जल को भी दूषित कर देगा। जीवन देने वाली जीवदयनी जल जिसमे तालाब। नालों। नदी का अस्तित्व आज पूर्ण रुप से उद्योगों से ही खतरे में है जहां लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई है। जिस उद्योग में आज खारुन नदी की पानी जा रही है उस खारुन का ही अस्तित्व खतरे में है।



**ग्राम जरौदा और विधानसभा इलाकों में प्रदूषण से है परेशान**

छग बिधान सभा भी धरसींवा ब्लाक में ही स्थित है जंहा ग्राम जरौदा के आसपास छोटी बड़ी पांच छह उद्योग है जो पूरी क्षेत्र की नाक में दम करके रखे हुए है गर्मी से राहत पाने लोग अगर छतों का सहारा लेना चाहें तो उद्योगों की मेहरबानी से पहले ही काली डस्ट जमी रहती है वही आम रास्ते मे भी भारी भरकम ट्रको से काली डस्ट की परिवहनहो रही है जिससे ट्रको से उड़ने वाली डस्ट लोगो के लिए बड़ी मुसीबत बनी हुई है।

**खारुन में फैल रहा जहर**

ब्लाक मुख्यालय धरसींवा के ग्राम पंचायत मुरेठी में ग्रामीणों की मुख्य निस्तारी का साधन सिर्फ खारुन नदी है। मुरेठी के जनप्रतिनिधि हरिशंकर निषाद। बाबूलाल निषाद। नितिन चंद्रवंशी का कहना है कि खारुन नदी से उद्योगों को पानी दिया जा रहा है मगर वही उद्योग आज तुक खारुन नदी की सफाई करने में कोई रुचि नहीं ले रहे है। हरिशंकर निषाद का कहना है कि वह बरसो से गाँव की जनप्रतिनिधि है मगर कभी उद्योगों ने नदी और तालाबो की रक्षा करने में रुचि नही दिखाई है।



**उद्योगपति और जनप्रतिनिधियों की जुगलबंदी से बर्बाद**

सिलतरा के नामी गिरामी उद्योगों से लगे गांवों की तालाबों की दुर्दशा अपनी खुद ही कहानी बयां करती है कि उस तालाब को कभी उद्योग व सरकार किसी प्रकार से कोई सफाई किया हो जैसे कि ग्राम पंचायत टाडा, मोहदी, सोन्द्रा, कुरा, मुरेठी सहित कई ऐसे गांव है, जहां पूर तालाबों को बचाने की कोशिश किया गया हो।

**सीएसआर की राशि में बड़ा खेल**

उद्योग नगर के जनपद सदस्य श्री भूपेन्द्र कसार और जनपद सदस्य दुष्यंत वर्मा का कहना है कि सिलतरा क्षेत्र में लगे उद्योगों की गंदगी गांवों की तालाब में जम रही है जबकि सबंधित उद्योगों की सीएसआर फंड से उस गांव की तालाब की सफाई होनी चाहिए। जहां की जनता काले इस्ट से परेशान है मगर सीएसआर की राशि से राजधानी की तालाबों की सफाई और अधिकारियों सहित मंत्री की बंगले चमक रहे है। जिससे गांवों की तालाबों की दशा इस कदर बनी हुई है।

## जनहित मुद्दों पर इंटक का आंदोलन के लिए गांवों में हस्ताक्षर अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

बंगोली, खरोरा, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष कमल बांधे ने कहा कि गौर खेड़ा खपरी, चिचोली ,गैतरा, रायखेडा,सोनतरा सहित आसपास के ग्रामीण जनों युवाओं महिलाओं द्वारा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड रायखेड़ा चिचोली का शिकायत प्राप्त हुआ है जिसके आधार पर विभिन्न मुद्दों को लेकर उक्त कंपनी प्रबंधन को ज्ञापन सौपा जाएगा तथा जनहित की मांगों को शीघ्र पूरा नहीं करने की स्थिति में कंपनी का घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

आसपास के ग्रामीण युवा महिला पुरुष काम के लिए चक्कर लगा रहे हैं और अदानी कंपनी प्रबंधन बाहरी राज्यों बिहार झारखंड मध्य प्रदेश ,उड़ीसा , उत्तर प्रदेशजैसे राज्यों से भारी मात्रा में काम मे,रख रहे हैं जो स्थानीय ग्रामीण युवा बेरोजगारों के लिए दुर्भाग्य की बात हैं, श्री बांधे ने कहा कि जमीन हमारी, धूल डस्ट प्रदूषण हम लोग झेल रहे हैं,,यह नहीं चलेगा, रोजगार ,भारी प्रदूषण, श्रम अधिनियम पर्यावरण अधिनियम खनिज अधिनियम कारखाना एक्ट का पालन कंपनी प्रबंधन द्वारा नहीं किया जा रहा है, 11 जून से राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटक के हमारे कार्यकर्ता गण आसपास के 20 गांव में समर्थन लेनेहस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है।

20 जून को कंपनी प्रबंधन को ज्ञापन सौपा जाएगा और जनहित मुद्दों की मांगों को शीघ्र पूरा नहीं करने की स्थिति में कंपनी का घेराव किया जाएगा, साथ ही स्थानीय लोगों को कंपनी में ठेका देने, रायखेड़ा, चिचोली, गैतरा, गौरखेडा,खपरी,ताराशिव,मुरा धनसुली, बंगोली आदि गांवों को गोद लेकर सर्वांगीण विकास करने, युवाओं महिलाओं को प्रशिक्षण देने, सीएसआर की राशि इन्हीं गांवों में खर्च करने, तथा इन सभी गांव में अडानी कंपनी मुफ्त में बिजली देने की मांग को लेकर ज्ञापन सौपा जाएगा।

# चार दिवसीय ऑफलाइन एफएलएन प्रशिक्षण जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

बुधवार को राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के निर्देशानुसार बीआरसीसी शैक्षिक हाल में एफएलएन चार दिवसीय आफलाइन प्रशिक्षण की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। मास्टर ट्रेनरों ने अभ्यास पुस्तिका, पाठ्य पुस्तक को शिक्षक संदर्शिका से जोड़ते हुए रोचक गतिविधि आधारित प्रशिक्षण दिया।

साथ ही कई मजेदार सामूहिक गतिविधियां जैसे नृत्य व गीत से शिक्षा, खेल से शिक्षक, मौखिक गणितीय कौशल आदि करवाए गए तथा कहा की एफएलएन कहता है पहले आप सक्षम हो जाइए फिर सिखाइए। वहीं राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं उसके उद्देश्य राष्ट्रीय उपलब्धी सर्वे, शिक्षा अधिनियम 2020-21 पर व्यापक चर्चा करते हुए कक्षा एक, दो, तीन के बच्चों के भाषाई कौशल के लिए रेड़ीनेस कार्यक्रम पर सभी शिक्षकों ने सहभागिता दिखाते हुए भीषण गर्मी में भी अपने उद्देश्य के प्रति सजग दिखाई दिए। प्रशिक्षण सुबह 9:30 से 4:30 तक चला।

मास्टर ट्रेनर रविंद्र देवांगन (एससीईआटी), संकुल समन्वयक अमित अग्रवाल, जितेंद्र शुक्ला, सुमन चतुर्वेदी, युवराम साहू, डोमन लाल डहरिया, विश्राम बंजारे एवं नृत्य अभिनय एवं गीत शैक्षिक गतिविधियों, मौखिक भाषा विकास में अरविंद कुमार वैष्णव, धरमदास पाटिल, विनोद जायसवाल, ओमप्रकाश साहू, मनहरण धुरव, रितेश ठाकुर, नंदकुमार साहू, मेनका नवरत्न, शैलेंद्र धुरंधर, मुरारी सोनी, नीता चंद्राकर, शिप्रा विश्वास, पूर्णिमा साहू, संध्या चंद्राकर, गोवर्धन प्रसाद धीवर, दुर्गा साहू, संतोष साहू आदि 16 संकुल के 66 शिक्षकों की सहभागिता रही।

## जमीन संबंधी विवादों में जियो रिफ्रेंसिंग तकनीक के उपयोग को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मुख्यमंत्री ने दी सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी

छत्तीसगढ़ सरकार ने भूमि संबंधी विवादों को दूर करने के लिए जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक के उपयोग की मंजूरी दे दी है। अब भूमि चिन्हांकन के लिए इस नई तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिससे छोटी-छोटी भूमि का वास्तविक चिन्हांकन करना आसान होगा। इससे प्रदेश में होने वाले जमीन विवादों को सुलझाने में सरकार को बड़ी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, छत्तीसगढ़ में भूमि संबंधी विवादों को दूर करने के लिए हमारी सरकार नई तकनीक का इस्तेमाल करने जा रही है। जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक के उपयोग को मंजूरी दे दी गई है, साथ ही राजस्व प्रशासन को सुदृढ़ करने के लिए बजट में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

**तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के नवीन पद स्वीकृत**

उन्होंने कहा, जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक के माध्यम से छोटी से छोटी भूमि का वास्तविक चिन्हांकन करना आसान होगा। इससे जमीन संबंधी विवादों को हल करने में मदद मिलेगी। जिओ रिफ्रेंसिंग के काम को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए हमारी सरकार तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के नवीन पदों का भी सृजन करने जा रही है।

# पं. प्रदीप मिश्रा की कथा अगस्त में की जाएगी, किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

12 से 16 अगस्त तक ग्राम पोड़ निवासी राकेश देवांगन के नेतृत्व में समस्त ग्रामवासियों व शिवभक्तों व विभिन्न सामाजिक संगठनों के सहयोग से पांच दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक प्रदीप मिश्रा महराज का शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं बुधवार को राकेश देवांगन के नेतृत्व में शिवभक्तो व विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर ग्राम पोड़ के विशाल मैदान में एकत्रित होकर विधि विधान से भूमिपूजन किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने उपस्थित होकर विधि-विधान से पूजा आराधना कर भूमिपूजन में भाग लेते हुए भजन कीर्तन किया। साथ ही 16 जून को प्रदीप मिश्रा महराज के जन्मदिन पर उनकी दीर्घायु की कामना किए। इस अवसर पर आयोजन प्रमुख राकेश देवांगन ने बताया भूमिपूजन पश्चात जल्द ही



आयोजन समिति गठित कर शिव महापुराण कथा आयोजन, मंच निर्माण, श्रद्धालुओं के लिए बैठक व्यवस्था के लिए मैदान का समतलीकरण, भोजन, पार्किंग व्यवस्था, प्रचार-प्रसार इत्यादि संबंधी रूपरेखा बनाकर आयोजन की जोर-शोर से प्रचार-प्रसार व तैयारी किया जाएगा। आयोजन सावन में होने के कारण बैठक व्यवस्था के लिए काफी तैयारियां करनी होगी। सावन में आयोजन से संपूर्ण क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने शिवभक्तों सामाजिक संगठनों, ग्रामीणों, क्षेत्रवासियों व कार्यकर्ताओं से इस आयोजन में तन, मन व धन से सहयोग कर आयोजन को सफल बनाने अपील किए हैं। अवसर पर आरंग के पीपला वेलफेयर फाउंडेशन, रानी पद्मावती महिला संगठन, कोसल साहित्य कला मंच, अभनपुर, राजिम, नयापारा, महासमुंद सहित आसपास के ग्रामों के बड़ी संख्या में शिवभक्तों व अनेक सामाजिक संगठनों ने उपस्थित होकर भूमिपूजन में भाग लिया और इस आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाने की बात कही है।

## अंचल की मशहूर मंडलियां होंगी प्रतिभागी, छह सदस्यों का होना जरूरी

# भीमसेनी एकादशी पर तीन दिवसीय सस्वर मानस सम्मेलन 16 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भीमसेनी एकादशी के उपलक्ष्य में मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित सर्व सिद्ध श्री हनुमान मंदिर में 16 जून से तीन दिवसीय अखंड सस्वर मानस ज्ञान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

सम्मेलन में रायपुर, धमतरी, दुर्ग, महासमुंद आदि जिलों के प्रसिद्ध जिलों की मंडलियां अपनी प्रस्तुतियां देंगी। प्रतिभागी मंडलियों के लिए भोजन और आवास की व्यवस्था मंदिर समिति ने निशुल्क की है। प्रतिभागी मंडलियों में छह सदस्यों को रहना अनिवार्य किया गया है साथ मंडलियों को सम्मान राशि के अलावा अन्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे।



मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, सोमनाथ निषाद और दीनदयाल साहू ने बताया कि 16 जून शाम 5 बजे सम्मेलन का उदघाटन दूधाधारी मठ के महंत श्रीरामसुंदर दास श्री शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला के ब्रम्हचारी डा. इंदु भवानंद महाराज की उपस्थिति में करेंगे। 18 जून शाम 5 बजे समापन समारोह सांसद बृजमोहन अग्रवाल के मुख्यआतिथ्य में होगा। पूर्व सांसद सुनील सोनी, पूर्व विधायक नंदकुमार साहू, पार्षद समीर अख्तर, सतनाम पनाग, सावित्री जगमोहन साहू और पीएचई अधिकारी आरके चौबे कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल होंगे।

मंदिर समिति ने बताया कि प्रत्येक मंडली को एक घंटे का समय दिया जाएगा, निर्धारित समय में मानस के विषय पर देनी होगी प्रस्तुति। उल्लेखनीय है कि मंदिर में भीमसेनी एकादशी पर लंबे समय से हरसाल यह आयोजन किया जाता है। साथ ही प्रति पूर्णिमा में श्रीरामचरितमनास का अखंड पाठ पिछले 35 वर्षों से किया जा रहा है। सम्मेलन के लिए अभी तक 40 मंडलियों का पंजीयन किया जा चुका है।

## साय ने कहा- महतारी वंदन की तरह ओडिशा में सुभद्रा योजना का लाभ भाजपा को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर। ओडिशा में भाजपा की बड़ी जीत पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, ओडिशा में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा 78 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत हासिल कर सत्ता में आई है। जिस तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा 2023 में बीजेपी को महतारी वंदन योजना का लाभ मिला, उसी तरह ओडिशा में भी भाजपा को सुभद्रा योजना का लाभ मिला है। भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है। ओडिशा के नए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रवाना होने से पहले रायपुर एयरपोर्ट



पर संवाददाताओं चर्चा के दौरान बताया कि मेरे साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विधायक पुरंदर मिश्रा भी ओडिशा जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के नेताओं और मंत्रियों का सहयोग ओडिशा के चुनाव में रहा है। ओडिशा की जनता ने हमारे प्रधानमंत्री पर और मोदी की गारंटी पर विश्वास किया है।

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री साय से सांसद कश्यप ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से यहां उनके निवास कार्यालय में बस्तर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद महेश कश्यप ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को उपहार स्वरूप काष्ठ शिल्प से निर्मित भगवान श्री राम की मूर्ति भेंट की। मुख्यमंत्री ने श्री कश्यप को लोकसभा सांसद निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मनसुख सहित अनेक केंद्रीय मंत्रियों से मिले अशोक बजाज



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर लोकसभा के चुनाव संयोजक अशोक बजाज ने बुधवार को केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा यादव एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा से उनके सरकारी आवास में मुलाकात की। साथ ही तीसरी बार मोदी सरकार के गठन एवं नई सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी।

### पार्षद अनवर हुसैन को शोकॉज नोटिस, 7 दिन में मांगा जवाब

**रायपुर।** हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड के कांग्रेसी पार्षद अनवर हुसैन को शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने गांधी सदन में एमआईसी बैठक के दिन गेट के बाहर अर्ध नग्न प्रदर्शन करने पर शोकॉज नोटिस जारी किया है। उन पर अनुशासन हीनता बरतने के लिए 7 दिन के अंदर नोटिस का जवाब मांगा है। नगर निगम जोन 2 के मौदहापारा इलाके में पानी की समस्या को लेकर वार्ड पार्षद अनवर हुसैन ने अपनी ही पार्टी के महापौर के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए विरोध जताया। निगम मुख्यालय में एमआईसी बैठक के दिन गेट के बाहर अर्ध नग्न होकर धरने पर बैठे कांग्रेसी पार्षद ने वार्ड की समस्या को लेकर ध्यान आकर्षित कराया। महापौर एजाज ढेबर की मौखिक शिकायत पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह और शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे के निर्देश पर 7 दिन में नोटिस का जवाब मांगा गया है।

### नीट में भ्रष्टाचार दोषियों को कड़ी सजा मिले : सपा

**रायपुर।** नीट-यूजी में हुए भ्रष्टाचार मामले को लेकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने कड़ा विरोध जताया है और कहा कि नीट-यूजी जैसे बड़े स्तर के पेपर में इस तरह की भ्रष्टाचार करना बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ करना है।



वहीं एनटीए ने कुछ छात्रों को ग्रेस मॉर्क्स देने का आधार बनाया वह अस्पष्ट और मनमाना है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार के लापरवाह रवैये और परीक्षा की पूरी व्यवस्था धवस्त होने जा रही है और इसके शिकार निर्दोष छात्र हो रहे हैं इस परे मामले की न्यायिक जांच की जाएं और इसमें शामिल सभी लोगों को कड़ी सजा दिया जाए।

### गरीबों के हित में मोदी सरकार के निर्णय का स्वागत

**रायपुर।** जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने मोदी मंत्रीमंडल की पहली बैठक में पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 3 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को मकान निर्माण के निर्णय का स्वागत करते हुए कहा इस योजना से देश के गरीबों को फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त घरों को मंजूरी से पीएमएवाय के तहत बनाए जाने वाले सभी घरों में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की अन्य योजनाओं के साथ एमेनिटीज के जरिए घरेलू शौचालय, एलपीजी कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, फंक्शनल घरेलू नल कनेक्शन आदि जैसी अन्य बुनियादी सुविधाएं भी प्रदान की जाती हैं जो गरीबों के हित है।

# ड्राइवर का ध्यान भटकाने वाले होर्डिंग्स हटाएं : सुप्रीम कोर्ट रोड सेफ्टी कमेटी का आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी ने आदेश दिया है कि कि शहरी सड़कों पर खुले क्षेत्र में राष्ट्रीय व राजमार्गों पर लगे ऐसे होर्डिंग्स हटाए जाएं जो सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए दृष्टि दूरी को अस्पष्ट करते हैं और ड्रायवरों का ध्यान भटकाते हैं। इसीलिए सभी शहरी, स्थानीय निकाय और सड़क सुरक्षा एजेंसियां दृष्टि दूरी में बाधा डालने वाले होर्डिंग्स की पहचान करने के लिए निरीक्षण करेंगी और उन्हें तत्काल हटाने की व्यवस्था करेंगी।

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के इस आदेश के बाद राज्य सरकार के संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत को इससे अवगत कराते हुए तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने कहा है।

## सड़क पर पैदल चलने वालों को दें सुविधा, सभी निगम आयुक्त, सीएमओ को निर्देश



### पैदल यात्रियों को हो सुविधा

यह निर्देश भी साफ तौर पर दिया गया है कि जंक्शनों पर अधिकांश पैदल यात्री क्रॉसिंगो में खराब सड़क चिन्ह, पंहुच, अप्र्याप्त दृष्टि दूरी, पार्किंग, अवरूद्ध होने की स्थिति दिखाई देती है। इस शहरी स्थानीय निकाय शहर के सभी पैदल यात्री क्रॉसिंग का गहन ऑडिट करेंगे और उसमें सुधार करेंगे। सुरक्षित पैदल यात्री आवाजाही की सुविधा प्रदान करनी होगी। स्थानीय शहरी निकायों से ये भी कहा गया है कि वे अधिसूचित स्ट्रीट वेंडिंग पॉलिसी का सख्ती से पालन करेंगे। सड़क सुरक्षा को प्रभावित करने वाली नीति और अतिक्रमण को प्राथमिकता के साथ तुरंत हटाया जाए। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने सभी निगम आयुक्तों, पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ से कहा है कि वे इन निर्देशों पर आवश्यक कार्यवाही करें।

### मुख्य सड़कों पर हो फुटपाथ और पैदल यात्री क्रॉसिंग

सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी ने ये भी कहा है कि सभी शहरी स्थानीय निकाय आईआरसी (इंडियन रोड सेफ्टी) आवश्यकताओं के अनुसार शहर की सभी सड़कों पर फुटपाथ का प्रावधान और सभी जंक्शनों और मध्य ब्लॉकों पर पैदल यात्री क्रॉसिंग का प्रावधन आवश्यकता अनुसार करें। शहरी निकायों और नगर पालिकाओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि फुटपाथ पर किसी भी तरह की बाधा न हो। अतिक्रमण से मुक्त हों। आईआरसी मानक के अनुसार प्र्याप्त चौड़ाई और उंचाई होनी चाहिए, साथ ही पक्की भी होनी चाहिए।

## उपकर की राशि 30 दिनों में जमा करने का है आदेश

# नगरीय निकायों के निर्माण, अनुज्ञा स्वीकृति का उपकर काट लिया, लेकिन राशि जमा नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने अपने-अपने क्षेत्र में बनने वाले आवास, व्यावसायिक परिसर निर्माण, आवासीय कॉलोनी के लिए भवन अनुज्ञा स्वीकृति के लिए कुल निर्माण लागत का 1 प्रतिशत उपकर काट तो लिया, लेकिन इस राशि को जमा नहीं कराया गया है। इस मामले को लेकर अब प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्तों, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों से कहा गया है कि वे सात दिनों के भीतर ये राशि जमा कराएं नहीं तो उनसे दो प्रतिशत प्रतिशत की दर से ब्याज वसूला जाएगा।

■ अब सात दिनों में राशि जमा कराने कहा गया है

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास के संचालक ने इस संबंध में निर्देश जारी किया है। दरअसल मामला ये है कि नगरीय निकायों के क्षेत्र में बनने वाले आवास, व्यावसायिक परिसर निर्माण, आवासीय कॉलोनी के लिए भवन अनुज्ञा स्वीकृति के लिए कुल निर्माण लागत का 1 प्रतिशत उपकर काटे जाने का प्रावधान है। यह राशि भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण उपकर के रूप में श्रम विभाग में जमा करने का प्रावधान है।

## देना पड़ेगा ब्याज



### 31 मार्च तक जमा करनी थी राशि

प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को 14 मार्च को ही इस संबंध में निर्देश दिए गए थे कि उपकर जमा करने के लिए काटी गई राशि 31 मार्च तक श्रम विभाग के ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से जमा कराई जाए, लेकिन नगरीय निकायों ने इस निर्देश का पालन नहीं किया। इसके बाद भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के सचिव ने 10 मई को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को पत्र जारी कर बताया कि निकायों ने यह राशि जमा नहीं की है।

### सात दिन में नहीं जमा की राशि तो लगेगा ब्याज

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक ने सभी नगरीय निकायों के प्रमुखों से कहा है कि पहले ही निर्देश था कि उपकर की राशि काटने के बाद उसे 30 दिनों के भीतर जमा कराया जाए, लेकिन इसके बाद भी राशि जमा नहीं की गई है। अब निकायों से कहा गया है कि वे मंडल के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 7 दिनों यह राशि जमा कराएं। अगर ये राशि जमा नहीं की गई तो प्रत्येक माह 2 प्रतिशत की दर से ब्याज जमा करना होगा। जिसके लिए उपकर कटौतीकर्ता स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# यात्रा भत्ता बिल के साथ मांगा जा रहा जियो टेग और फास्ट टैग कटौती का प्रमाण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के निर्माण विभागों में अभियंताओं के दौरे और निरीक्षण का यात्रा भत्ता देयक तैयार करने कई तरह की आपत्तियां लगाई जा रही हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि प्रदेश सरकार का उन सभी बिलों के भुगतान से पहले यह सुनिश्चित करने का प्रयास हो रहा है कि वह सही है कि नहीं। पुराने नियम के मुताबिक सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के आधार पर इसका भुगतान किए जाने का प्रावधान है।

अब इन देयकों को पारित करने नई आपत्ति लगाई जा रही हैं। इनमें जिस स्थल का निरीक्षण किया गया, उसका जियो टेगिंग और एनएच से निजी गाड़ी से जाने पर फास्ट टैग का बिल भी मांगा जा रहा है।

बताया जाता है कि शासकीय दौरे में जिन कर्मचारियों को यात्रा भत्ता देयक की पात्रता होती है, उन्हें यात्रा के संबंध में सक्षम अधिकारी का अनुमोदन होने के अलावा वहां पर निरीक्षण के दौरान प्रतिवेदन देखकर भुगतान के आदेश दिए जाते हैं। संपरीक्षक द्वारा ऐसे मामलों को रोके जाने के



नए तरीके निकाले जा रहे हैं। इनमें यात्रा का रूट चार्ट से लेकर अन्य मामलों को जोड़कर आपत्ति लगाई जा रही है। वित्त के अधिकारियों ने बताया कि नियमानुसार सक्षम अधिकारी का अनुमोदन होने के बाद इस तरह के भत्ते के देयक को रोके जाने का कोई आधार नहीं बनता।

शासकीय विभागों में कर्मचारियों को कई तरह के भत्ते मिलते हैं। उनके भुगतान के लिए काफी समय लगता है। संपरीक्षक द्वारा ऐसे बिलों को पास करने पर आपत्ति के कारण काफी समय के बाद भी भत्तों का भुगतान नहीं होता।


### बिलों पर आपत्ति के दिए गए ये कारण

ऐसा ही एक मामला मंडी बोर्ड के अधिकारियों का सामने आया है, जिसमें उप अभियंता, सहायक अभियंता, मंडी सचिव और वरिष्ठ अंकेक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2017-18 और 2018-19 के यात्रा देयक भत्ते में संपरीक्षक की ओर से लगाया गया है। यहां पर उक्त अधिकारियों के 1 लाख 91 हजार से अधिक के बिल में यह आपत्ति लगाई गई है कि उसमें निर्माण कार्यों का निरीक्षण का प्रतिवेदन, यात्रा के दौरान लॉग बुक का रूटचार्ट, राष्ट्रीय राजमार्ग में यात्रा किए जाने संबंधी फास्ट टैग चुकाने का डे कटौती की स्थिति, यात्रा के प्रमाण के रूप में जिओ टैग और निर्माण के प्रगति की जानकारी न होने की जानकारी देते हुए आपत्ति लगाई गई है।

## बलौदाबाजार की घटना भाजपा सरकार की लापरवाही और नाकामी का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा सरकार की लापरवाही और नाकामी का परिणाम है



■ कांग्रेस अध्यक्ष बैज ने गृहमंत्री से इस्तीफे की मांग की

बलौदाबाजार की घटना। घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेकर गृहमंत्री विजय शर्मा अपने पद से इस्तीफा दें। इस्तीफा नहीं देते तो मुख्यमंत्री, गृहमंत्री को बर्खास्त करें। देश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, कलेक्टर और एसपी के कार्यालय को एक साथ जला दिया गया। यह घटना राज्य के कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती है। उन्होंने कहा, यह घटना सरकार के इंटेलीजेंस फेलियर का परिणाम है। समाज ने प्रदर्शन के लिये अनुमति ली थी। सरकार को जानकारी थी, फिर भी सावधानी क्यों नहीं बरती गयी? सतनामी समाज द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को बलौदाबाजार पहुंचने की अपील की गयी थी। बड़ी संख्या में लोग आयेंगे इसका भी अनुमान था, फिर प्रशासन ने लापरवाही क्यों बरती? उन्होंने कहा, साय सरकार की अकर्मण्यता के चलते ही बलौदाबाजार में कानून व्यवस्था बिगड़ी है। यदि समय रहते जैतखाम को क्षति पहुंचाने वालों पर कार्रवाई की गई होती और समाज से संवाद किया गया होता, तो ऐसी अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं होती। यहां की स्थिति को समय पर हल नहीं करने के कारण इस पूरे मामले के लिये दोषी साय सरकार है। इस घटना की जिम्मेदारी तय होनी चाहिये।

## जमीन संबंधी विवादों में जियो रिफ्रेंसिंग तकनीक के उपयोग को मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने भूमि संबंधी विवादों को दूर करने के लिए जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक के उपयोग की मंजूरी दे दी है। अब भूमि चिन्हांकन के लिए इस नई तकनीक का उपयोग किया जाएगा, जिससे छोटी-छोटी भूमि का वास्तविक चिन्हांकन करना आसान होगा। इससे प्रदेश में होने वाले जमीन विवादों को सुलझाने में सरकार को बड़ी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, छत्तीसगढ़ में भूमि संबंधी विवादों को दूर करने के लिए हमारी सरकार नई तकनीक का इस्तेमाल करने जा रही है। जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक के उपयोग को मंजूरी दे दी गई है, साथ ही राजस्व प्रशासन को सुदृढ़ करने के लिए बजट में 150 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

■ मुख्यमंत्री ने दी सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी

### तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के नवीन पद स्वीकृत

उन्होंने कहा, जिओ रिफ्रेंसिंग तकनीक के माध्यम से छोटी से छोटी भूमि का वास्तविक चिन्हांकन करना आसान होगा। इससे जमीन संबंधी विवादों को हल करने में मदद मिलेगी। जिओ रिफ्रेंसिंग के काम को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए हमारी सरकार तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार के नवीन पदों का भी सृजन करने जा रही है।

## साय ने कहा- महतारी वंदन की तरह ओडिशा में सुभद्रा योजना का लाभ भाजपा को मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि न्यूजः रायपुर। ओडिशा में भाजपा की बड़ी जीत पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, ओडिशा में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा 78 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत हासिल कर सत्ता में आई है। जिस तरह छत्तीसगढ़ विधानसभा 2023 में बीजेपी को महतारी वंदन योजना का लाभ मिला, उसी तरह ओडिशा में भी भाजपा को सुभद्रा योजना का लाभ मिला है। भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है। ओडिशा के नए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रवाना होने से पहले रायपुर एयरपोर्ट पर संवाददाताओं चर्चा के दौरान



बताया कि मेरे साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और विधायक पुरंदर मिश्रा भी ओडिशा जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ के नेताओं और मंत्रियों का सहयोग ओडिशा के चुनाव में रहा है। ओडिशा की जनता ने हमारे प्रधानमंत्री पर और मोदी की गारंटी पर विश्वास किया है। पहली बार ओडिशा में भाजपा की स्पष्ट बहुमत में सरकार बनी है।

### वहां का चुनावी घोषणापत्र छत्तीसगढ़ की तरह

छत्तीसगढ़ की महतारी वंदन योजना की तरह ओडिशा में भी पार्टी को सुभद्रा योजना का लाभ चुनाव में मिला, इस सवाल पर उन्होंने कहा, बिल्कुल ओडिशा में भी जो वहां का चुनावी घोषणापत्र है. वह छत्तीसगढ़ की तरह है। हमने 100 दिन में छत्तीसगढ़ में जो काम किया, उसका असर ओडिशा पर भी दिखा है। भाजपा जो कहती है, उसे पूरा करती है।

## वार्डों के परिसीमन के दौरान ब्लॉक दो वार्डों में न बंटें- नया आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में नवंबर दिसंबर में होने वाले नगर निगमों के चुनाव के लिए नए सिरे से वार्डों का परिसीमन करने का आदेश जारी करने के बाद राज्य सरकार ने इस संबंध में एक नया अतिरिक्त निर्देश जारी किया है। अब कहा गया है कि जनगणना वर्ष 2011 कार्य के लिए जो गणना ब्लॉक बनाए गए थे, यथा संभव यह गणना ब्लॉक पूरी तरह से एक ही वार्ड में शामिल रहे, किन्ही भी परिस्थितियों में गणना ब्लॉक दो या अधिक वार्डों में विभाजित न हो।



इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को एक और आदेश बुधवार को जारी किया है। इसमें कहा गया है कि आगामी जनगणना का कार्य जनगणना 2011 के गणना ब्लॉकों के आधार पर किया जाना है। यह भी कहा गया है कि गणना ब्लॉक विभाजित हो जाने से जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार अनुसूचित जाति, जनजाति, की जनसंख्या के आंकड़े गणना ब्लॉकवार उपलब्ध नहीं हो सकेंगे। निर्देश दिया गया है कि वार्डों के परिसीमन के दौरान इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। एक दिन पहले सरकार द्वारा जारी सभी नगरीय निकायों का परिसीमन करने के लिए जारी निर्देश में कहा गया था प्रस्तावित वार्ड के चारों दिशाओं की सीमा, मानचित्र शामिल होगा। इसमें प्रत्येक वार्ड की चारों दिशाओं को इस प्रकार दिखाया जाएगा कि वार्ड की सीमा स्पष्ट रूप से अलग-अलग दिखाई दे। जनसंख्या संबंधी पत्रक जिसमें पिछली जनगणना के प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र की कुल जनसंख्या, अनुसूचित जाति, जनजाति, की कुल जनसंख्या, राज्य सरकार द्वारा संबंधित नगर पालिका क्षेत्र के लिए अवधारित वार्डों की कुल संख्या तथा इसके आधार पर हर वार्ड की औसत जनसंख्या शामिल होगी।

## राहुल की राह पर छग के कांग्रेसी हार की जिम्मेदारी लेने तैयार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने इस बात पर आश्चर्य जताया है कि विधानसभा के बाद प्रदेश की लोकसभा सीटों पर करारी हार के बाद भी कांग्रेस में हार की जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नहीं है। सब आपसी जुबानी जंग में लगे हैं या फिर हार से बौखलाए कांग्रेस नेता स्तरहीन बयानबाजी कर अपने दीवालिएपन का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस के भीतर अब लगातार हार की समीक्षा के लिए बैठक बुलाने की मांग जोर पकड़ रही है, लेकिन कांग्रेस नेता सिर्फ हवा-हवाई बयानबाजी करके अपनी बची-खुची सियासी साख बचाने में लगे हैं।



उन्होंने कहा, कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति ही यही रही है कि ऊपर से लेकर नीचे तक कोई नेता जीत को पचा नहीं पाता और हार के लिए खुद को जिम्मेदार नहीं मानता। कांग्रेस में राहुल गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल तक यही कर रहे हैं। तीन-तीन लोकसभा चुनाव में अपने नेतृत्व में कांग्रेस के लगातार दयनीय प्रदर्शन के बाद भी राहुल गांधी अहंकार और खुशफहमी में जी रहे हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी पहले यह तो बताएं कि जब जीत जाने का इतना भरोसा था, तो सोनिया गांधी रायबरेली सीट छोड़कर राजस्थान के रास्ते राज्यसभा में क्यों गईं? और, अपनी ही अमेठी सीट छोड़कर राहुल गांधी ने दो बार केरल की वायनाड सीट क्यों चुनी?

## रविवि को इस माह मिलेगा नया कुलसचिव, हटाए जाएंगे डॉ.पटेल

**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि को शीघ्र ही नया कुलसचिव मिल सकता है। वर्तमान कुलसचिव डॉ.शैलेंद्र को उनके पद से हटाया जाएगा। न्यायालय के आदेश के बाद से ही इस संदर्भ में चर्चाएं चल रही थी। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, आचार संहिता हटते ही इस दिशा में कार्रवाई तेज कर दी गई है। कुलसचिव पद के लिए तीन नामों का पैनल बनाया गया है। पैनल में शामिल इन तीन नामों में से ही किसी एक पर कुछ दिनों के अंतराल में मुहर लगेगी। सूत्रों के अनुसार, वर्तमान कुलसचिव डॉ.शैलेंद्र पटेल को उच्च शिक्षा विभाग संचालनालय में भेजा जा सकता है।


**इन नामों की चर्चा :** जिन तीन नामों की चर्चा हो रही है, उनमें सभी प्राध्यापक हैं। इनमें डॉ.लालवानी और डॉ.गुप्ता के नाम शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रविवि के पूर्व कुलसचिव डॉ.गिरिशकांत पांडेय का नाम भी इस सूची में है। आचार संहिता लागू होने के पूर्व ही से डॉ.शैलेंद्र पटेल को हटाए जाने की तैयारी प्रारंभ की जा चुकी थी। संहिता के कारण उनकी सेवाएं जारी रखी गईं। चुनाव संपन्न होने के बाद अब रविवि में नई नियुक्ति की तैयारी है। मौजूदा माह में यह पदास्थापना हो जाएगी।

## प्रशासनिक कसावट लाने मुख्यमंत्री साय आज से करेंगे विभागीय समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय प्रशासनिक काम-काज में कसावट लाने के लिए विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठकों का सिलसिला गुरुवार से शुरू कर रहे हैं। बैठकों में आम जनता से जुड़ी योजनाओं की गहन समीक्षा की जाएगी। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण पिछले तीन माह से प्रशासनिक काम-काज की गति कुछ धीमी हो गई थी।

मुख्यमंत्री विभागों की समीक्षा कर काम-काज में गति लाने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विभागीय सचिवों और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देंगे। मुख्यमंत्री गुरुवार को अपने



### 15 को गृह एवं पीएचई की समीक्षा

इसी क्रम में मुख्यमंत्री 15 जून को अपने निवास कार्यालय में पूर्वान्ह 11.30 बजे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग तथा अपरान्ह 2 बजे गृह एवं जेल विभाग की समीक्षा करेंगे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान जल जीवन मिशन के कार्यों की भी समीक्षा की जाएगी।

निवास कार्यालय में दोपहर 1 बजे से कृषि एवं उद्यानिकी विभाग तथा अपरान्ह 3 बजे से पशुधन विकास, मत्स्य पालन और दुग्ध महासंघ के काम-काज की समीक्षा करेंगे। संबंधित विभागों के सचिवों को विभागीय गतिविधियों और संचालित योजनाओं की अद्यतन जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में खरीफ फसलों की तैयारी, खाद-बीज के भण्डारण, वितरण, विभागीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे। स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों की समीक्षा कल मुख्यमंत्री 14 जून को मंत्रालय में पूर्वान्ह 11.30 बजे स्वास्थ्य सेवाएं तथा अपरान्ह 3 बजे चिकित्सा शिक्षा, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की समीक्षा करेंगे। स्वास्थ्य विभाग की बैठक में आयुष्मान भारत सहित आम जनता को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए संचालित योजनाओं की समीक्षा होगी।

# खाली भूखंड के करारोपण में खामी, ब्याज दर ज्यादा, जांच के लिए बनाई कमेटी, सप्ताहभर में रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राजधानी में खाली पड़े भूखंड पर टैक्स लिये जाने की प्रक्रिया में खामियां हैं। भूखंड मालिक से खाली भूखंड पर सामान्य दर की जगह चक्रवृद्धि ब्याज लिया जा रहा है। इसके कारण खाली भूखंड का संपत्ति कर निर्माण हुए भवन से 50 फीसदी ज्यादा लिया जा रहा है। इस पर नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक में जमकर आपत्ति के बाद करारोपण में खामियों की जांच करने आयुक्त अबिनाश मिश्रा की सहमति से जांच समिति बनाई गई है। यह समिति एक सप्ताह के अंदर निगम आयुक्त को जांच रिपोर्ट सौंपेगी।

दरअसल, शहरभर में 25 हजार खुले भूखंड ऐसे हैं, जिनके भूखंड स्वामियों तक नगर निगम अब तक नहीं पहुंच पाया है। इन भूखंडों से बकाया कर वसूली में 17 फीसदी ब्याज लिया जा रहा है, जो कि सामान्य बैंक की ब्याज दर से बहुत ज्यादा है। इसे तर्कसंगत बनाने और खाली भूखंड से बकाया कर वसूली में चक्रवृद्धि ब्याज पर तत्काल रोक लगाने की मांग वरिष्ठ एमआईसी सदस्य ज्ञानेश शर्मा ने निगम आयुक्त से की है।

## शहरभर में 25 हजार खाली भूखंड, टैक्स की दर होगी तय

### संपत्ति कर से 50 से 60 फीसदी ज्यादा

हरिभूमि से बातचीत में उन्होंने कहा कि खाली प्लॉट में टैक्स वसूली का प्रावधान अलग-अलग स्लॉट में है, पर इसे ध्यान में रखे बगैर निगम के अधिकारी एकमुश्त टैक्स लोगों से वसूल रहे हैं। नगर निगम कोई साहूकारी संस्था नहीं है। किस आधार पर ओपन प्लॉट होल्डर से 17 फीसदी ब्याज बकाया कर भुगतान पर लिया जा रहा है? जब रिजर्व बैंक 8 फीसदी से ज्यादा ब्याज उपभोक्ता से नहीं लेता, फिर निगम ऐसा क्यों कर रहा है। खाली प्लॉट से जिस दर पर संपत्ति कर लिया जा रहा है, वह निर्माण किये भवन के संपत्ति कर से 50 से 60 फीसदी ज्यादा है। इसीलिए हमने इसे विधि सम्मत बनाने कहा है।




### 7 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपेगी कमेटी

खुले भूखंड से लिये जा रहे टैक्स दर की जांच करने कमेटी बनाई गई है, जो अलग-अलग बिंदुओं पर इसकी जांच कर एक सप्ताह में निगम आयुक्त को जांच रिपोर्ट सौंपेगी।

*- विनोद पांडे, अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर*

## कार्टूनिस्ट पांडुरंगा राव को मिला प्राइड ऑफ भारत पुरस्कार



रायपुर। भिलाई इस्पात संयंत्र के पूर्व वरिष्ठ प्रबंधक और प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट बीवी पांडुरंगा राव को आई कैन फाउंडेशन द्वारा प्राइड आफ भारत 24 का एक और पुरस्कार मिला है। वे बैंगलुरु में रहते हैं। अंग्रेजी, हिंदी और कन्नड़ भाषा के लिए 10,000 से अधिक कार्टून बना चुके हैं। उनके कार्टूनों को 55 प्रदर्शनियां लग चुकी हैं। देश के विभिन्न स्थानों पर 55 एकल कार्टून प्रदर्शनियों का आयोजन करने के साथ राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार जीतने वाले श्री पांडुरंगा राव का भिलाई से गहरा नाता हैं।

## निधन

### सीता देवी सिंह



रायपुर। श्रीकृष्ण मंदिर श्यामनगर निवासी सीता देवी सिंह (90) का 12 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 जून को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. अवधेश सिंह की पत्नी और गिरीश सिंह एवं भाजपा के जिला मंत्री हरीश सिंह ठाकुर की माता थीं।

### विनय श्रीवास्तव



रायपुर। परमानंद नगर महोबा बाजार निवासी एडव्होकेट विनय श्रीवास्तव का 12 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे विकास एवं निशांत श्रीवास्तव के पिता थे।

### मनोरमा मूंदड़ा



रायपुर। अशोका रत्न, खम्हारडीह निवासी मनोरमा मूंदड़ा का 12 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे संदीप मूंदड़ा की माता और आयांश की दादी एवं छगनलाल मूंदड़ा की भाभी थीं।

# शहर में सिर्फ दो फूट ओवरब्रिज इसका भी उपयोग नहीं करते लोग

## सालों से वीरान पड़ा, मेंटनेंस के अभाव में हो रहा जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रेलवे स्टेशन को छोड़ दें, तो रायपुर शहर में सिर्फ दो जगह पर ही सड़क क्रास करने के लिए फूट ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। ये दोनों ब्रिज हीरापुर और कबीन नगर के पास बने हुए हैं। दोनों ब्रिज का शुभारंभ वर्ष 2016 में हुआ था। दोनों ब्रिज का निर्माण टाटीबंध से भनपुरी जाने वाले मुख्य सड़क मार्ग पर भारी गाड़ियों के लगातार आवागमन को देखते हुए किया गया था, ताकि इस सड़क के दोनों तरफ बसी आबादी में पैदल यात्री जोखिम उठाए बिना सड़क आसानी से पार कर सकें। शासन की दोनों ब्रिज को बनाने की मंशा व सोच अच्छी थी। इसके बावजूद लोग ब्रिज का उपयोग नहीं कर अपनी जान जोखिम में डालकर सड़क क्रास कर रहे हैं।

इधर ब्रिज का उपयोग नहीं करने के कारण इन ब्रिजों का मेंटनेंस भी नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण अब ये जर्जर होने लगे हैं।





### 500 मीटर की दूरी पर बने दोनों ब्रिज

करीब सात करोड़ की लागत से बने दोनों फूट ओवरब्रिज 5 सौ मीटर की दूरी पर बने हुए हैं। इनमें एक हीरापुर सिग्नल चौक के पास और दूसरा कबीरनगर सिग्नल चौक के पास बना है। दोनों ब्रिज का निर्माण होने के बाद इसका उपयोग नाम मात्र के लोगों ने ही किया है। ब्रिज पर चढ़ने के लिए सड़क के दोनों ओर सीढ़ी बनाई गई है, लेकिन ज्यादातर लोग सीढ़ी चढ़ने से बचने के लिए अपनी जान जोखिम में डालकर ब्रिज के नीचे से ही सड़क क्रास कर रहे हैं। गर्मी के कारण भी लोग ब्रिज में चढ़ने से कतराते हैं।

### स्काईवॉक अधूरा, बना तो कितना उपयोग? यह बड़ा सवाल

शहर में जयस्तंभ चौक के पास से लेकर जेल रोड तक स्काई वॉक के प्रोजेक्ट की उपयोगिता को लेकर पहले भी कई सवाल उठ चुके हैं। इसके कारण यह प्रोजेक्ट सालों से अधूरा पड़ा हुआ है। इस प्रोजेक्ट को न ही पूरा किया रहा है और न ही बंद कर इसे तोड़ा जा रहा है। हालांकि जिस तरह से टाटीबंद व कबीरनगर चौक में बने फूट ओवरब्रिज की कोई उपयोगिता नहीं है, उसे देखकर यह संभावना जताना भी गलत नहीं होगा कि स्काइवॉक का उपयोग जनता करेगी या नहीं। यह एक बड़ा सवाल है? देखा जाए तो रायपुर शहर में ज्यादातर गर्मी पड़ती है। ठंड और बारिश बहुत कम होती है। इसके कारण पैदल चलने वाले यात्री स्काइवॉक का कितना प्रतिशत उपयोग करेंगे, यह स्काइवॉक बनने के बाद ही पता चलेगा।

### मेंटनेंस नहीं होने के कारण जर्जर हो रहे ब्रिज

सालों से इस ब्रिज का उपयोग नहीं होने के कारण अब इसका मेंटनेंस भी नहीं किया जा रहा है। इसके कारण दोनों ब्रिज अब जर्जर होने लगे हैं। ब्रिज के सीढ़ी में कई जगह पर जंग लग गया है। सीढ़ी और ब्रिज के ऊपरी हिस्से में लगे टिन के शेड भी उखड़ने लगे हैं। मानसून का सीजन शुरू होने वाला है। इस दौरान आंधी-तूफान की संभावना भी बनी रहेगी। इससे टिन के शेड आंधी में उखड़कर सड़क पर गिरने से दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है, जिससे जानमाल की हानि भी हो सकती है।

# माइनिंग घोटाला मामले में सूर्यकांत, विश्नोई से पूछताछ पूरी न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ अनवर, एपी, अरविंद, त्रिलोक को ईडी ने रिमांड पर लेने प्रोटक्शन वारंट की अर्जी दाखिल की

माइनिंग घोटाला मामले में ईओडब्लू ने हिरासत में लिए गए सूर्यकांत तिवारी तथा निलंबित आईएएस समीर विश्नोई से पूछताछ करने के बाद बुधवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। दोनों आरोपियों को कोर्ट ने 18 जून तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया।

इसी के साथ ही जांच एजेंसी ने महादेव सट्टा एप घोटाला मामले में जेल में बंद नीतीश दीवान को प्रोटक्शन वारंट पर लेने के बाद कोर्ट में पेश किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर पूछताछ करने कोर्ट में अर्जी दाखिल की। जांच एजेंसी की अर्जी पर कोर्ट ने नीतीश दीवान को 12 दिनों के लिए 24 जून तक जांच एजेंसी की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया।

उल्लेखनीय है कि माइनिंग घोटाला के आरोपियों से ईओडब्लू ने जेल में पूछताछ करने के बाद उन्हें बारी-बारी से हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वर्तमान में माइनिंग घोटाला के आरोपी खनिज अधिकारी एसएस नाग, सुनील नायक सहित अन्य दो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एक अन्य मामले में ईडी ने शराब घोटाला मामले में जेल में बंद अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी, अरविंद सिंह तथा त्रिलोक सिंह ढिल्लन को प्रोटक्शन वारंट पर लेने कोर्ट में अर्जी दाखिल की है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। अर्जी स्वीकार करने के बाद शराब घोटाला के चारों आरोपियों को 14 जून को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## आईआईटी में कृष्णा ने हासिल किया 3608वां रैंक

रायपुर। प्रशासनिक सेवा में जाने की जुनून लिए भिलाई निवासी कृष्णा अग्रवाल पिता मुकेश अग्रवाल ने आईआईटी में लोहा मनवाया है। कृष्णा अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्तर की आईआईटी परीक्षा में आल इंडिया रैंक 3608 हासिल की है। स्कूली शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई से की है। भविष्य में प्रशासनिक सेवा में जाना चाहते है। कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि, उनके सफलता के पीछे उनकी बडी बहन खुशी अग्रवाल का हाथ रहा है, जो हमेशा उन्हे प्रेरित करती रही है। उन्होने बताया कि, एनएन कोचिंग रायपुर से उन्होने पढाई की थी। इसकी तैयारी वे दो साल से कर रहे थे। जेई मेन्स दो चरण और जेई एडवांस के पहला चरण में उन्होने बेहतर रैंकिंग के साथ सफलता हासिल की है।

## पेज 11 के शेष ...

### बस्तर में बारिश, सरगुजा ....

समेत मध्य इलाकों में भी बारिश की सक्रियता कम है जिसकी वजह से यहां भी गर्मी महसूस हो रही है। बुधवार को शाम डूंडा सहित आसपास के इलाकों में हल्की वर्षा हुई, मगर दिन का तापमान सामान्य से तीन डिग्री तक अधिक रिकार्ड किया गया। प्री-मानसून गतिविधि कम होने की वजह से राजधानी में गर्मी अधिक महसूस हो रही, जिससे राहत जून के दूसरे पखवाड़े में ही मिलने की उम्मीद है।

### ट्रेजर आईलैंड से ...

सदस्य जिला कलेक्टर के पास जाकर ट्रेजर आईलैंड के नियमितीकरण पर ऐतराज जतायंगे।

### मेडिकल कालेज में ....

इसी तरह फार्मकोलॉजी विभाग में भी शिकायतें सामने आ चुकी हैं। बुधवार को कम्यूनिटी मेडिसिन के असिस्टेट प्रोफेसर कक्ष के समीप यह हादसा हो गया और वहां से छात्रा के कुछ समय पहले गुजरने के बाद प्लास्टर के साथ फॉल्स सीलिंग का बड़ा हिस्सा जमीन पर आ गिरा। जोर की आवाज के बाद वहां हड़कंप मच गया। विभागाध्यक्ष डॉ. निर्मल वर्मा सहित अन्य कक्ष से बाहर निकले और घटना में किसी के चोटिल नहीं होने पर राहत की सांस ली। घटना को गंभीरता से लेते हुए मामले की जानकारी कालेज प्रबंधन को देकर मरम्मत करने की आवश्यकता बताई।

### सामुदायिक भवन पर ....

वाले कुछ लोगों ने करीब एक साल से कब्जा कर रखा है। कब्जा करने के साथ सामुदायिक भवन को घर की तरह उपयोग कर रहे हैं। इसके कारण सामुदायिक भवन में सालभर से कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं हो पाए हैं। सालभर में सामुदायिक भवन में कार्यक्रम कराने के लिए कई लोग पहुंचे भी थे, लेकिन सभी को कब्जा करने वाले भवन में मरम्मत का काम चल रहा है कहकर लौटा देते थे। टीम ने पड़ताल के बाद सामुदायिक भवन पर कब्जा करने की खबर प्रमुखता से प्रकाशित की।

इस खबर का असर यह हुआ कि योजना व सांख्यिकी विभाग ने अब इस मामले में जोन-4 आयुक्त राकेश शर्मा को पत्र लिखकर भवन को तत्काल कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं।

### 9 पानी टंकियों से ....

घंटे का शटडाउन लिया जायेगा। इसके कारण 13 जून की शाम ओवर हेड टैंक अमलीडीह, अवंतिविहार, मंडी पानी टंकी, मोवा, दलदल सिवनी पानी टंकी, सड्डू, कचना, आमासिवनी और जोरा पानी टंकी से शाम के समय जल प्रदाय नहीं होगा। सुबह की नियमित जल आपूर्ति के बाद 8 बजे से लीकेंज मरम्मत का कार्य शुरू होगा। 14 जून को सुबह के समय जल आपूर्ति नियमित रूप से की जायेगी।

# 2 साल पहले वर्कआर्डर काम अधूरा, ठेका निरस्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ जोन अध्यक्ष बंटी होरा ने ली समीक्षा बैठक

शहीद हेमू कालाणी वार्ड में विकास कार्य की समीक्षा के लिए जोन अध्यक्ष बंटी होरा ने ठेकेदारों द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करने बैठक बुलाई। इसमें 2 साल पहले वर्कआर्डर होने के बाद भी काम पूरा नहीं करने वाले 4 ठेकेदारों के टेंडर को निरस्त करने आदेश दिया गया।

बैठक के दौरान वार्ड पार्षद बंटी होरा ने वार्ड में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सभी ठेकेदारों को निर्देश दिया कि वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा किया जाये। काम की गुणवत्ता की मानिटरिंग करने जोन के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये गये।

बैठक में मुख्य अभियंता शेखर सिंह, सहायक अभियंता आशुतोष पाण्डेय एवं वार्ड के सभी ठेकेदार उपस्थित रहे।

# पुरानी बस्ती क्षेत्र में 1 घंटे का अतिरिक्त पानी आना बंद, आधा दर्जन इलाके में दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ अमृत मिशन में आधा अधूरा कनेक्शन, सुबह के समय नल में लो प्रेशर

रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे पीने का साफ पानी उपलब्ध कराने का प्रोजेक्ट शुरुआती दौर में ही फिस्स हो रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत मोतीबाग और गंज पानी टंकी से इंटर कनेक्शन कर पाइप लाइन बिछाने के बाद भी महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड, ब्राम्हणपारा वार्ड में पेयजल की समस्या से लोग परेशान हैं। पुरानी बस्ती के आधा दर्जन इलाकों में जहां प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक अतिरिक्त पानी आपूर्ति की जाती थी, वहां पिछले पंद्रह दिनों से नलों में 1 घंटे तक अतिरिक्त पानी आपूर्ति बंद कर दी गई है।

नगर निगम जोन 5 के महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के ठेठवार पारा, गजराज चौक, पर्थरापारा, मुरलीधर अमीनपारा इलाका, लाखेनगर क्षेत्र में पानी की किल्लत से लोग परेशान हैं। वार्ड पार्षद जितेन्द्र अग्रवाल ने बताया उनके वार्ड में 24 घंटे लोगों को पीने का साफ पानी मुहैया कराने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने अलग से नई पाइप लाइन बिछवाई।

नई पाईप लाइन से पानी टेस्टिंग के बाद कुछ दिनों तक सुबह के समय 1 घंटे अतिरिक्त पानी देना शुरू किया गया, पर आला अधिकारियों के दबाव में आकर पिछले 15 दिनों से 1 घंटे की अतिरिक्त जल आपूर्ति को बंद करा दिया गया है। इससे वार्डवासियों को काफी परेशानी हो रही है। आधा दर्जन इलाके के लोग बोरेवल के सहारे गर्मी में प्यास बुझाने विवश हैं।



पंडित सुंदरलाल शर्मा वार्ड स्थित मैत्री नगर में पीने के पानी की समस्या से जूझ रहे रहवासियों को गुरुवार को राहत मिली। अमृत मिशन के तहत बिछाई गई पाइप लाइन से नलों में पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी आपूर्ति हुई। वहीं चंद्रशेखर बस्ती के रहवासी पानी की समस्या से परेशान रहे। सुंदर नगर मुख्य मार्ग में पानी की समस्या दूर करने जोन स्तर पर टीम जुटी रही।

### मैत्री नगर में पानी की समस्या दूर

एकता चौक मैत्री नगर के प्रभावित इलाकों में नलों से पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी आपूर्ति होने से समस्या दूर हुई। चंद्रशेखर बस्ती के निचले इलाके में पानी की किल्लत दूर करने टीम लगाई गई है। सुंदर नगर मेन रोड पर काम चल रहा है।

*- विनोद पांडे, अपर आयुक्त, नगर निगम रायपुर*


**//आम सूचना//**

एतद् द्वारा सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार यासमा खान पति- श्री इजराइल खान निवासी-जी.-3, पुलिस लाईन, कवर्धा कबीरधाम तहसील जिला-कबीरधाम छ.ग. ने श्रीमती शर्मीष्ठा चटर्जी पति- स्व. श्री शुभेन्दु चटर्जी निवासी-18 प्रिंस, कॉलोनी, बालाजी आटो मोबाईल के पीछे लक्ष्मी नगर रायपुर तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. से उसके हक एवं स्वामित्व की परिवर्तित भूमि जो कि वाके मौजा- ग्राम- डूंडा, प.ह.नं.-00072, रा.नि.मं.- रायपुर-14, बोरियाखुर्द, तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि है, जिसका खसरा नं.-59/36 रकबा 0.0116 हेक्टे. याने 1250 वर्गफुट है, को खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि विक्रेता को प्रदान कर दिया है। विक्रय प्रतिफल की शेष राशि प्रदान कर बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति, निगम, वित्तीय अर्धशासकीय, शासकीय संस्था को उपरोक्त भूमि / संपत्ति के स्वत्व एवं आधिपत्य के संबंध में कोई भी ऊजर या आपत्ति हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज आपत्ति 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करे। बाद म्याद की गई कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नही होगा व अवैध व शून्य माना जावेगा। म्याद अवधि के पश्चात मेरा पक्षकार उपरोक्त संपत्ति का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। सो ताकिद जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक- 12.06.2024

भवदीय
डी. डी. मिश्रा
मनोज सिंह (अधिवक्तागण)
एल.आई.जी.-323, सेक्टर-04,
पानी टंकी के पास डी. डी. नगर रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9826645756, 9770607560

**शपथ पत्र**

मैं मुकेश राव पिता श्री केशव पाल निवासी- मौसम विहार नंदी चौक लालपुर रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन पूर्वक शपथ करता हूँ किः-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है।
2. यह कि मेरा बैंक ऑफ इंडिया में खाता है जिसका खाता क्रमांक. 935210510000671 है। जिसमें मेरा नाम मुकेश पाल पिता केशव पाल दर्ज है।
3. यह कि मेरे सभी दस्तावेज मे मेरा नाम मुकेश राव दर्ज है आधारकार्ड मे मुकेश राव दर्ज है।
4. यह कि मेरे बैंक पास बुक मे मेरा नाम सुधार कर मुकेश राव को दर्ज किया जाये व पिता के के नाम मे केशव पाल दर्ज किये जाने बाबत यह शपथ पत्र संबंधित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

अतः यह शपथ पत्र मे अपने पास बुक में अपना सरनेंम सुधार हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ। शपथकर्ता

**सत्यापन**

मै शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूँ कि कंडिका 01 से 04 तक दी गई सभी जानकारी सत्य व सही है आज दिनांक को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर रहा हूँ।

स्थान रायपुर छ.ग.
दिनांक 14.03.2024 शपथकर्ता

**न्यायालय नायब तहसीलदार, उप तहसील सारागांव जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ...... अ-6(अ)/ वर्ष 2023-24
सारागांव दिनांक 10.06.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पूजा मदान पति विशाल मदान के द्वारा ग्राम जरौदा, स्थित पंजीकृत बैनामा दिनांक 09.10.2013 के माध्यम से क्रय की गयी भूमि जो आवेदक के ऋण पुस्तिका में खसरा नं. 548/4, 548/5, 548/15, 548/20, 548/22 कुल खसरा 05 कुल रकबा 1.42 हे. दर्ज है आनलाईन कराने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 26.06.2024 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.06.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार,
उप तहसील सारागांव
जिला रायपुर (छ.ग.)

**उद्घोषणा**

क्रमांक 7174/आर.सी./रा.वि.प्रा./2024
रायपुर दिनांक 17/05/2024

प्राधिकरण की इन्द्रप्रस्थ योजना रायपुरा के अन्तर्गत श्री वैभव श्रीवास्तव पिता श्री के.के. श्रीवास्तव को डूप्लेक्स/भवन क्रमांक CE-09 रकबा 2324 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती के द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त डूप्लेक्स/भवन को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही सम्पादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक.................. को जारी।

सहायक राजस्व अधिकारी
रायपुर विकास प्राधिकरण,
रायपुर छ.ग.

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती भावना कुर्म उम्र 40 वर्ष पति लोकेश कुमार कुर्म निवासी डगनिया रायपुर निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं:-

1. यह कि विवाह के पूर्व मैं कु. भावना कोसरिया पिता सुरेन्द्र कोसरिया के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती थी तथा मेरा यही नाम मेरे शैक्षणिक एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज रहा है।
2. यह कि मेरा विवाह श्री लोकेश कुमार कुर्म पिता विजय कुमार कुर्म के साथ संपन्न हुआ है जिस कारण अब मैं श्रीमती भावना कुर्म पति लोकेश कुमार कुर्म निवासी डगनिया रायपुर के नाम से जानी पहचानी एवं पुकारी जाती हूं।
3. यह कि यह शपथ पत्र भविष्य में मेरा नाम श्रीमती भावना कुर्म पति लोकेश कुमार कुर्म के रूप में जानी पहचानी एवं पुकारी जाने तथा प्रचलन में रखे जाने हेतु संपादित कर रही हूं।

शपथकर्ती

**सत्यापन**

मैं, उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 03 की बातें सत्य एवं सही है।

शपथकर्ती

रायपुर छ.ग.
दिनांक 12/06/2024



## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन का किया अभिनंदन

**रायपुर।** लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल के शपथ ग्रहण करने के बाद पहली बार रायपुर आगमन करने पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इसी कड़ी में युवा भाजपा नेता एवं उद्योगपति सोनू तिवारी द्वारा चंगोराभाठा के सैकड़ों निवासियों एवं समर्थकों के साथ एयरपोर्ट पहुंच कर बृजमोहन अग्रवाल का अभिनंदन किया गया। इस दौरान सांसद श्री अग्रवाल पर फूल मालाओं की अप्रतिम वर्षा की गई और घंटो तक समर्थकों द्वारा नारे लगाए जाने पर बृजमोहन अग्रवाल जी भी भाव विभोर दिखे।

### डाक अदालत 20 को

**रायपुर।** कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ परिमंडल रायपुर द्वारा जयस्तंभ चौक स्थित कार्यालय में 20 जून को शाम 4 बजे डाक अदालत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर प्रत्यक्ष परिचर्चा, वर्चुअल करके उनका समाधान किया जाएगा। परिमंडल के सहायक निदेशक आलोक गोमास्ता ने डाक ग्राहको से अनुरोध है कि वे अपनी शिकायतें यदि कोई तो प्रकरण से पूर्ण विवरण सहित कार्यालय पोस्टमास्टर जनरल, छग परिमंडल को 18 जून को दोपहर 2 बजे तक जमा कर सकते हैं। इस दिनॉक के बाद प्राप्त शिकायतों को इस अदालत में शामिल नहीं किया जाएगा।

### मां धूमावती जयंती 14 को

**रायपुर।** मां धूमावती सिद्धपीठ द्वारा पुरानी बस्ती स्थित शीतला माता मंदिर में 14 जून को मां धूमावती जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर शाम 6.30 बजे हवन-पूजन और अनुष्ठान महायज्ञ किया जाएगा। साथ ही मां धूमावती को समोसा, कचौडी, आलूगुंडा, मिर्ची भजिया, मुंगोडी, गुलगुला एवं स्वेत नैवेध का भोग अर्पित किया जाएगा। प्रबंध व्यवस्थपाक शीतल सैनी पुजारी ने बताया कि साथ ही एक वर्षीय अखंड ज्योति कलश की स्थापना भी की जाएगी। सभी भक्त मां को प्रसन्न कर मनवांछित फल प्राप्त करें।

### 7 स्थानों पर शीतल जल सेवा केंद्र



**रायपुर।** गर्मी के सीजन में रेलवे स्टेशन, बसस्टैंड में मुसाफिरों और आम जनता को शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने साधक परिवार शहर के 7 स्थानों पर शीतल जल सेवा केन्द्र संचालित कर रहा है। इसी कड़ी में रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 में 5 जून से 10 जून तक दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक शीतल पेयजल और आंवला शरबत का निशुल्क वितरण किया गया। साधक परिवार की ओर से सजे हुए रथ के माध्यम से शहर की गरीब बस्तियों मे भंडारे का आयोजन 11 जून को दोपहर 2 बजे हनुमान मंदिर के सामने पंडरी कपड़ा मार्केट के गेट नम्बर 2 में किया गया। पुलाव, कढ़ी, हलवा व आंवला शरबत का वितरण किया गया। इस आयोजन में सरोरा वार्ड पार्षद दशरथ साहू, साधक परिवार के लेखराम साहू, हरेश गोविंदानी, यशवंत वर्मा, सीताराम सोनी, दीपक विधानीबाल संस्कार केंद्र के सेवाधारी उपस्थित थे।

# अब बच्चों की आंखों का भी होगा इलाज, मल्टीस्पेशलिटी बनेगा माना अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

कोरोना के बाद नेत्र हास्पिटल के रूप में तब्दील हुआ माना अस्पताल जल्दी ही मल्टीस्पेशलिटी सुविधा से युक्त होगा। बड़ों के साथ यहां बच्चों की आंखों के इलाज की भी सुविधा होगी। रेटिना से संबंधित तमाम जांच और उपचार के लिए यहां आधुनिक उपकरण जुटाए जाएंगे। माना में अब तक मोतियाबिंद की सर्जरी पर फोकस था और दो साल में डेढ़ हजार से अधिक ऑपरेशन किए जा चुके हैं।

कोरोनाकाल के दौरान माना के सिविल अस्पताल को सौ बेड का विशेषीकृत अस्पताल बनाया गया था और बड़ी संख्या में मरीजों का इलाज किया गया था। महामारी का दौर समाप्त होने के बाद सामान्य मरीजों के इलाज के साथ नेत्र अस्पताल के रूप में उपयोग किया जाने लगा था। वहां पंडरी के जिला अस्पताल के नेत्ररोग विभाग को शिफ्ट कर ज्यादा से ज्यादा मोतियाबिंद की सर्जरी पर फोकस किया गया था। करीब दो साल में वहां डेढ़ हजार लोगों को मोतियाबिंद से मुक्त किया जा चुका है। सूत्रों के अनुसार अब आवश्यकताओं को देखते हुए अस्पताल को मल्टीस्पेशलिटी बनाने की योजना पर काम शुरू किया गया है।

आने वाले दिनों में यहां बच्चों की आंखों की समस्या का इलाज किया जाएगा। इसके साथ रेटिना से संबंधित तमाम ऑपरेशन यहां पूरे किए जाएंगे। इसके लिए यहां नेत्र चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। जरूरतों के हिसाब से आधुनिक मशीन और संसाधन जुटाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस योजना पर काम शुरू कर दिया गया है, जिसे आने वाले दिनों में कार्यरूप दिया जा सकेगा।

### कलेक्टर का दौरा, मरीजों से फीडबैक



कलेक्टर गौरव सिंह बुधवार की सुबह औचक निरीक्षण पर माना अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मोतियाबंद की सर्जरी के लिए भर्ती मरीजों से तबीयत के साथ उपचार व्यवस्था और खानपान के बारे में पूछा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑपरेशन थियेटर के निरीक्षण के साथ शल्य क्रियाओं के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने ओटी टेबल बदलने और साफ-सफाई पर जोर दिया।



- रेटिना की तमाम जांच और उपचार, आधुनिक उपकरण भी जुटाएंगे
- अभी तक मोतियाबिंद पर था फोकस, अब तक डेढ़ हजार ऑपरेशन

### सौ बेड का था अस्पताल, कोरोनाकाल में कोविड अस्पताल बनाकर उपयोग किया

काफी साल पहले माना के सिविल अस्पताल का निर्माण किया गया था और वहां सौ बेड की क्षमता विकसित की गई थी। आवश्यकता के हिसाब से ओपीडी का संचालन भूतल में ही पूरा हो जाता था और अन्य मंजिल के वार्ड बेकार पड़े थे। कोरोनाकाल में जब ज्यादा से ज्यादा बेड की जरूरत पड़ी, तो स्वास्थ्य विभाग ने इसके विशेषीकृत कोविड अस्पताल बनाकर उपयोग में लाया। दस करोड़ की लागत से बने इस अस्पताल भवन का अब पूरा उपयोग किया जा रहा है।

### सुविधायुक्त बनाएंगे

माना अस्पताल को सुविधायुक्त मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल बनाने की योजना है। यहां आवश्यक संसाधन जुटाएं जाएंगे और आंखों की विभिन्न समस्याओं का इलाज किया जाएगा।

\- **डॉ. निधि अत्रीवाल,** नोडल अधिकारी, अंधत्व निवारण कार्यक्रम

### आबकारी कार्यालय में किया प्रदर्शन

# ढाई माह से वेतन नहीं, शराब दुकानों के सुरक्षा गार्डों ने कंपनी के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले की शासकीय शराब दुकानों में कार्यरत सुरक्षा गार्डों ने एसआईएस कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सुरक्षा गार्डों को पिछले ढाई माह से कंपनी ने वेतन नहीं दिया है। इससे परेशान होकर सैकड़ों की संख्या में सुरक्षा गार्डों ने बुधवार को सिविल लाइन स्थित आबकारी कार्यालय का घेराव कर यहां प्रदर्शन किया। सुरक्षा गार्डों के प्रदर्शन करने की खबर मिलते ही आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया। विभागीय अधिकारियों ने इस मामले को संज्ञान में लेकर कंपनी के लोगों को तत्काल कार्यालय बुलाया और सुरक्षा गार्डों को 3 दिन के भीतर वेतन देने का अल्टीमेटम दिया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इसके बाद भी कंपनी वेतन का भुगतान समय पर नहीं करती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

रायपुर जिले में शासकीय शराब दुकानों में गार्डों की नियुक्ति के लिए विभाग ने एसआईएस सुरक्षा कंपनी को ठेका दिया है। कंपनी को यह ठेका अप्रैल 2024 में दिया गया है। इससे पहले यह ठेका दूसरी सुरक्षा कंपनी को दिया गया था। इस कंपनी के भीतर जिलेभर में अलग-अलग शिफ्ट में लगभग ढाई सौ सुरक्षा गार्ड काम करते हैं। एसआईएस कंपनी को ठेका मिले लगभग ढाई माह हो चुका है, लेकिन ड्यूटी कर रहे सुरक्षा गार्डों में बमुश्किल 25 से 30 को ही वेतन दिया गया है, शेष सुरक्षा गार्डों को अब तक वेतन नहीं दिया गया है। इससे परेशान होकर सुरक्षा गार्डों ने कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आबकारी कार्यालय का घेराव किया।

### तीन दिन में वेतन नहीं मिला तो विभाग करेगा कंपनी के खिलाफ कार्रवाई



#### 3 दिन में वेतन नहीं दिया तो एक्शन लेंगे

सुरक्षा गार्डों को दो माह का वेतन नहीं मिला है। एसआईएस कंपनी का कहना है कि खाते अपडेट नहीं हैं, जिसके कारण पैसे ट्रांसफर नहीं हो रहा है। बातचीत के बाद कंपनी को 3 दिन का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद भी वेतन नहीं दिया तो नोटिस जारी कर एक्शन लेंगे।

\- **विकास गोस्वामी,** उपायुक्त आबकारी रायपुर

### खाते अपडेट नहीं होने का बहाना बना रही कंपनी- सुरक्षा गार्ड

कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोलकर आबकारी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे सुरक्षा गार्डों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि उनका वेतन सीधे उनके खाते में आता है। सभी सुरक्षा गार्ड पुराने हैं, जो पिछले कई साल से शराब दुकानों में गार्ड की नौकरी कर रहे हैं। सभी सुरक्षा गार्ड के खाते अपडेट हैं, लेकिन नई कंपनी खातों को अपडेट नहीं होने का बहाना बनाकर वेतन दे नहीं रही है। उन्होंने बताया कि एक माह का वेतन नहीं मिलने के बाद कंपनी के लोगों ने कहा था कि एक सप्ताह के भीतर उनका रुका वेतन उनके खातों में पहुंच जाएगा, लेकिन ढाई माह बीत गए पर अब तक उनके खातों में वेतन के पैसे नहीं पहुंचे हैं।

# टीम कैट ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन की मौजूदगी में वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी से संबधित नोटिस एवं ई-वे बिल से संबंधित सुझाव का ज्ञापन सौंपा।

- जीएसटी से संबंधित नोटिस, ई-वे बिल सुझाव का ज्ञापन सौंपा

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने ज्ञापन के माध्यम से वित्तमंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान समय में जीएसटी विभाग से जीएसटी से संबंधित नोटिस व्यापारियों के पास आ रहा है। यह ईज़ ऑफ़ डूइंग व्यापार के विपरीत है। इससे व्यापारी एवं सलाहकार को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री पारवानी ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा वर्तमान में जीएसटीआर-1 फॉर्म देर से दाखिल करने पर जुर्माना नोटिस जारी किया गया है। साथ ही विभाग द्वारा अन्य नोटिस व्यापारियों को दिया जा रहा है। विभाग द्वारा अचानक की गई इस कार्यवाही से व्यापारियों में भय का माहौल है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि व्यापारिक समुदाय सरकार को उसके कर संग्रह लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने में सहयोगी रहा है। व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा जारी जुर्माना नोटिस को स्वतः निरस्त किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में जितेन्द्र दोषी, परमानन्द जैन, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, राकेष ओचवानी, जयराम कुकरेजा, प्रीतपाल सिंह बग्गा, सीए मुकेश मोटवानी, विक्रांत राठौर, परविन्द्रर सिंह, अमीत गुप्ता सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# चिरायु से मिला कोमल को नया जीवन, हृदय की बीमारी का कराया इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- गांव में जांच शिविर के दौरान मिला था कमजोर, दिल में था छेद

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के माध्यम से चार साल के बच्चे को नया जीवन प्रदान करने में स्वास्थ्य टीम को सफलता मिली है। गांव में लगाए गए शिविर के दौरान जांच में कोमल नामक बच्चे की हृदय संबंधी समस्या का पता चला था। चिकित्सकीय टीम ने उसकी पूरी जांच के बाद सत्य साईं हास्पिटल ले जाकर उसका पूरा इलाज कराया।

जानकारी के अनुसार चिरायु की टीम द्वारा आरंग विकासखंड के ग्राम सकरी में शिविर लगाकर बच्चों की जांच की थी। इस दौरान चार साल का कोमल पिता योगेश साहू अन्य बच्चों से कमजोर पाया गया था। जांच के दौरान उसकी धड़कन सामान्य नहीं थी। इस आधार पर उसके माता-पिता को सलाह दी गई कि कोमल की जांच किसी हृदय रोग विशेषज्ञ से कराएं। उनकी सहमति के आधार पर चिरायु टीम ने टेस्ट कराया, तो उसकी गंभीर बीमारी का पता चला, जिसमें तत्काल ऑपरेशन की जरूरत थी। स्वास्थ्य टीम ने सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी के साथ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत, एनएचएम की डीपीएम मनीष मैजरवार तथा नोडल अधिकारी डॉ. श्वेता सोनवानी को इसकी जानकारी दी। उनके निर्देश पर बच्चे को आंबेडकर अस्पताल के बाद नवा रायपुर के सत्य साईं संजीवनी हास्पिटल ले जाकर अन्य तरह की आवश्यक जांच कर सर्जरी के बाद हृदय के सुराख को बंद कराया गया।

बच्चे की बीमारी का पता लगाकर उसे इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने में डॉ. अबरार आलम, डॉ. शोभा निषाद, एवं एएनएम टिकेश्वरी साहु का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जीएसटी विभाग का ई-संवीक्षा पोर्टल लांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- अधिकारियों के कार्यों की होगी मानिटरिंग

छत्तीसगढ़ राज्य कर (जीएसटी) विभाग द्वारा सूचना एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग कर नई पहल करते हुए "ई-संवीक्षा" पोर्टल लांच किया गया है। यह पोर्टल रजत बंसल, आयुक्त, राज्य कर की पहल पर राज्य कर मुख्यालय, नवा रायपुर के डायरी कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्ष द्वारा तैयार किया गया है। मैदानी कार्यालयों के अधिकारियों द्वारा जिसके अंतर्गत जीएसटी अधिनियम की धारा 61 एवं धारा 73 और/ अथवा धारा 74 के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाहियों की रिपोर्टिंग आनलाइन की जानी है।

प्रारंभिक चरण में "ई-संवीक्षा" के अंतर्गत "स्क्रूटनी माड्यूल" बनकर तैयार है एवं लाइव किया जा चुका है तथा "एड्जुडिकेशन माड्यूल" तैयार किया जा रहा है। इससे न केवल विभागीय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग की जा सकेगी, बल्कि ऐसे अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली मासिक डायरी भी आनलाइन होगी और एनालीटिक्स में इससे प्राप्त होने वाले आंकड़ों का राजस्व हित में उपयोग किया जाएगा।

### व्यापारियों की परेशानियों का होगा निराकरण

व्यापारियों को होने वाली व्यवहारिक परेशानियों का निराकरण करने मे भी "ई-संवीक्षा" माड्यूल कारगर साबित होगा। गौरतलब है कि राज्य कर आयुक्त के ध्यान में कुछ ऐसे प्रकरण आये थे जिनमें एक ही व्यवसायी की एक ही अवधि के प्रकरण में एक से अधिक अधिकारियों द्वारा अलग-अलग समय पर नोटिस जारी किए गये थे, जिसके बाद आयुक्त द्वारा "ई-संवीक्षा" माड्यूल की आवश्यकता को ध्यान मे रखते हुए इसे तत्काल प्रभाव से लागू करवाया गया है।

# ग्राम तिरवैया में बनेगा हरा-भरा खेल मैदान

- कलेक्टर गौरव सिंह ने किया ग्राम पंचायत तिरवैया का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धरसींवा विकासखंड की ग्राम पंचायत तिरवैया के बच्चों और युवाओं को जल्द ही हरा-भरा खेल मैदान मिलेगा।

कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को इस गांव का दौरा किया। इस दौरान यहां प्रस्तावित खेल मैदान का जायजा लेते हुए उन्होंने पंचायत पदाधिकारियों को खेल मैदान बनाने के साथ मैदान में तार फेंसिंग करवाकर खाली स्थानों पर पौधारोपण करने के निर्देश दिए। इससे मैदान में खेलने व देखने पहुंचने वालों को हरेभरे पेड़ों की ताजा हवा के साथ छाया मिलेगी। इससे उनके स्वास्थ्य पर भी अच्छा असर पड़ेगा।कलेक्टर ने अपने दौरे के दौरान ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम के लिए भी अलग जगह चिन्हांकित करने के निर्देश पंचायत पदाधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में चल रहे कामों में अधिक से अधिक काम स्थानीय महिला स्वसहायता समूहों की सहायता से कराये जायें, ताकि महिला समूहों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत किए जा रहे तालाब गहरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया।

### कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए

कलेक्टर ने गहरीकरण का काम कर रहे ग्रामीणों से बात कर उनका हाल चाल जाना साथ ही शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने तालाब गहरीकरण के काम में लगे ग्रामीणों के लिये छाया की व्यवस्था, पेयजल की सुविधा एवं मेडिकल किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस निरीक्षण के दौरान नगर निगम रायपुर आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित ग्राम पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में साढ़े पांच, मृत्यु दर में सवा पांच प्रतिशत की वृद्धि, तकनीकी के इस्तेमाल से एक्सीडेंट रोकने प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का समुचित विश्लेषण करने तथा आवश्यक सुधार करने बुधवार को इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस (आईआरएडी) को लेकर आईजी ट्रैफिक नेहा चंपावत की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चालू वर्ष में जनवरी से लेकर मई के बीच पिछले साल की तुलना में साढ़े पांच प्रतिशत रोड एक्सीडेंट में वृद्धि होने के साथ ही सवा पांच प्रतिशत मौत के आंकड़े बढ़ने के मामले को लेकर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में ट्रैफिक एआईजी संजय शर्मा के साथ ट्रैफिक पुलिस के सभी जिलों के अफसर शामिल रहे।

बैठक में हिट एंड रन मामले में प्रभावितों को जल्द राहत दिलाने क्षतिपूर्ण प्रकरणों को निर्धारित समय में दावा प्राधिकरण को प्रेषित करने के लिए निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के उपायों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में राज्य के 15 जिलों में सड़क सुरक्षा उपकरण स्पीड राडार गन, एल्कोमीटर, सांउड मीटर, लक्स मीटर, डेशबोर्ड, सर्विलेंस कैमरा सहित सर्वसुविधायुक्त इंटरसेप्टर वाहन सहित अन्य सड़क सुरक्षा उपकरण जल्द उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। उपकरणों के संचालन करने वाले चिन्हांकित लोगों को प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी दी गई।

### नए कानून के तहत ऑनलाइन जानकारी देनी होगी

गौरतलब है कि एक जुलाई से तीन नए कानून, जिसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होने जा रहा है। नए कानून लागू होने के बाद विवेचना अधिकारी को रोड एक्सीडेंट होने पर दुर्घटना स्थल पहुंचकर ऑनलाइन (लाइव लोकेशन, अक्षांश व देशांश सहित) प्रविष्टियां भरकर भेजनी होंगी।

### दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों को जल्द मुआवजा मिले इसके लिए यथाशीघ्र प्रविष्टियां जमा करने निर्देश



### पांच माह में एक्सीडेंट की इतनी घटनाएं

वर्ष 2023 में जनवरी से मई की तुलना में इस वर्ष इन पांच महीनों में छह हजार 390 सड़क दुर्घटनाएं पूरे राज्य में हुई हैं। दुर्घटना में दो हजार 969 लोगों की मृत्यु हुई है। घायलों की संख्या साढ़े पांच हजार रही है। ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन, ओवर स्पीडिंग, सड़कों पर खड़े वाहनों से होने वाली दुर्घटना है। सड़क दुर्घटना में सबसे ज्यादा मौतें ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर दोपहिया वाहन चालाने वाले वाहन चालकों की हुई हैं।

## बिजनेस साइट

### एसआरयू में हुआ एक दिवसीय सेमिनार, प्रोसिडिंग का विमोचन



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी रायपुर में 'विकसित भारत 2047: अ चैलेंजिंग रिजॉल्यूशन' विषय पर समाज विज्ञान संकाय द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की प्रोसीडिंग का विमोचन वाइस चांसलर प्रो. एस. के. सिंह द्वारा किया गया। इस प्रोसीडिंग पुस्तिका में देश भर से आए 100 से अधिक शोध पत्रों के सारांश शामिल हैं। साथ ही संगोष्ठी के दौरान वक्ताओं एवं पढ़े गए शोध पत्रों पर हुये विचार विमर्श को भी शामिल किया गया है। जो भारत सरकार की बहु-उद्देश्यीय योजना 'विकसित भारत 2047' को आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। इस विमोचन में श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एस. के. सिंह एवं डीन एकादमिक डॉ आरआरएल बिरली के साथ समाज विज्ञान संकाय की डीन, संगोष्ठी के संयोजक और समाज विज्ञान के संकाय के सभी शिक्षक शामिल रहे।

### बिलासा ब्लड सेंटर के सहयोग से शंकरा हुंडई में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रायपुर।** शंकरा हुंडई रायपुर में विशाल रक्तदान, निःशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र परिक्षण का आयोजन हुआ। विधान सभा रोड मोवा में स्थित कार्यालय में बिलासा ब्लड सेंटर की ओर से इस सेवा का आयोजन किया गया। जिसमें 40 से अधिक कर्मचारियो ने जरूरतमंद लोगों के लिए रक्तदान किया। शिविर के दौरान शंकरा ह्युंडई के डायरेक्टर ने विस्तार से जानकारी दी, साथ ही बताया कि रक्तदान के ज़रिए हम अनेक लोगों की जान बचा सकते है। बिलासा ब्लड सेंटर, एएसजी हॉस्पिटल एवं होरिजन हॉस्पिटल के सहयोग से यह आयोजन आयोजित किया गया।

हरिभूमि

रायपुर, गुरुवार 13 जून 2024

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



छोटा भीम थीम पर सजा दिए ब्लैक ...


**एजूकेशन अपडेट**

## कंपार्टमेंट से एक सप्ताह पूर्व जारी किए जाएंगे एडमिट कार्ड

**रायपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं व 12वीं की शैक्षणिक सत्र 2023-24 की कंपार्टमेंट परीक्षा की तिथियां जारी की जा चुकी हैं। इसके तहत 10वीं की परीक्षाएं 15 से 22 जुलाई तक और 12वीं की परीक्षाएं 15 जुलाई को आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई के अनुसार, ये अस्थायी तिथियां हैं, जो विद्यार्थियों की मदद के लिए जारी की गई हैं। फाइनल डेटशीट एलओसी जमा करने की अंतिम तिथि के बाद जारी की जाएगी। परीक्षाएं कुल तीन घंटे की होंगी, जो सुबह साढ़े दस से दोपहर डेढ़ बजे तक चलेंगी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सेकेंडरी (क्लास 10) और सीनियर सेकेंडरी (क्लास 12) कंपार्टमेंट एग्जाम के लिए उम्मीदवारों के एडमिट कार्ड एग्जाम डेट से कुछ दिन पूर्व डाउनलोड के लिए उपलब्ध करवा दिए जाएंगे। प्रवेश पत्र जारी होते ही अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर इसे डाउनलोड कर सकेंगे।

### कंपार्टमेंट एग्जाम में प्राप्त अंक ही माने जाएंगे अंतिम

जो भी छात्र कंपार्टमेंट एग्जाम में भाग लेने जा रहे हैं वे ध्यान रखें कि कंपार्टमेंट एग्जाम में प्राप्त अंक ही अंतिम माने जाएंगे। एग्जाम संपन्न होने के बाद उम्मीदवारों का रिजल्ट जारी किया जाएगा। रिजल्ट जारी होने के कुछ दिन बाद अपडेटेड ओरिजिनल मार्कशीट आपके स्कूल में भेज दी जाएगी। इसके बाद 10वीं एवं 12वीं के स्टूडेंट्स अपने विद्यालय में जाकर अंक पत्रिका प्राप्त कर सकेंगे। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

**लाइव इवेंट**

## कर्मचारी चयन आयोग के पर्चे 20 जून से, प्रवेशपत्र अपलोड

**रायपुर।** कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) की ओर से एसएससी सिलेक्शन पोस्ट फेज 12 भर्ती परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए गए हैं। जिन भी उम्मीदवारों ने इस भर्ती में शामिल होने के लिए आवेदन किया था, वे बिना देरी करते हुए तुरंत ही एसएससी की ऑफिशियल वेबसाइट ssc.gov.in पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए उम्मीदवारों को लॉग इन क्रेडेंशियल दर्ज करना होगा। वेबसाइट के साथ ही आप इस पेज पर दिए डायरेक्ट लिंक पर क्लिक करके भी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

### परीक्षा केंद्रों का निर्धारण पूर्व में ही

एसएससी की ओर से सिलेक्शन पोस्ट एग्जामिनेशन फेज-12 परीक्षा का आयोजन 20, 21, 24, 25 और 26 जून 2024 को देशभर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर किया जाएगा। एसएससी फेज-12 एडमिट कार्ड डाउनलोड करने के लिए छात्रों को सर्वप्रथम ऑफिशियल वेबसाइट **ssc.gov.in** पर जाना होगा। प्रवेश पत्र संबंधित टैब पर क्लिक करने के बाद आपको रीजन की वेबसाइट पर जाना है। यहां होम पेज पर एडमिट कार्ड का लिंक दिखाई देगा जहां लॉग-इन डिटेल भरकर सब्मिट कर दें। इसके बाद आपका एडमिट कार्ड स्क्रीन पर ओपन हो जाएगा, जहां से आप इसे डाउनलोड करके प्रिंटआउट निकाल सकते हैं।

**एग्जाम अपडेट**

## कंपनी सेक्रेटरी के शेड्यूल जारी परीक्षाएं 21 से 30 दिसंबर तक



**रायपुर।** सीएस एक्जीक्यूटिव और प्रोफेशनल एग्जाम की तैयारियों में लगे अभ्यर्थियों के लिए लेटेस्ट अपडेट है। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान (आईसीएसआई) की ओर से सीएस दिसंबर सेशन के एग्जाम के लिए एग्जाम डेट्स की घोषणा कर दी गई है। परीक्षा तिथियों की जानकारी आईसीएसआई की ऑफिशियल वेबसाइट www.icsi.edu पर नोटिफिकेशन जारी कर प्रदान की गई है। अधिसूचना के मुताबिक इस परीक्षा का आयोजन 21 दिसंबर से 30 दिसंबर 2024 तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर करवाया जाएगा। एग्जाम डेट के साथ ही आईसीएसआई की ओर से रिजर्व डेट की घोषणा भी की गई है। किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति होने पर एग्जाम का आयोजन 31 दिसंबर, 1, 2, 3 जनवरी, 2025 को करवाया जा सकता है।

### एक शिफ्ट में संपन्न करवाई जाएगी परीक्षा

आईसीएसआई की ओर से सीएस दिसंबर एग्जाम एक शिफ्ट में संपन्न करवाया जाएगा। एग्जाम की टाइमिंग दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र हल करने के लिए 3 घंटे का समय प्रदान किया जाएगा। 2 बजे से लेकर 2:15 तक 15 मिनट का समय उम्मीदवारों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए दिया जाएगा। आईसीएसआई सीएस दिसंबर 2024 एग्जाम डेट शीट डाउनलोड करने के लिए सबसे पहले आधिकारिक वेबसाइट पर जाएं। यहां दिसंबर सेशन के टाइम टेबल लिंक पर क्लिक करना होगा। इसके बाद डेटशीट स्क्रीन पर ओपन हो जाएगी जहां से आप इसे डाउनलोड कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं।

### राजधानी में राष्ट्रीय आम महोत्सव, दुनियाभर के आमों का लगा मेला

# चार किलो वजनी हाथीझूल, अंडाकार में बांग्लादेशी 'बारी', थाईलैंड का 'मस्तारा' व 'लड्डू' संग छप्पन भोग

**राजधानी में आमों का मेला बुधवार से सज चुका है। बुधवार से इंदिरा गांधी कृषि विवि में आयोजित किए जा रहे राष्ट्रीय आम महोत्सव की शुरुआत हुई। यहां हाथीझूल से लेकर बांग्लादेशी आम बारी, थाईलैंड की मस्तारा सहित कई वैरायटी में आम आए हुए हैं। ये सभी आम अपने आप में कई तरह की विशेषताएं लिए हुए हैं। इन्हें देखने मात्र के लिए ही लोगों की भीड़ उमड़ रही है। प्रदर्शनी में आम की 325 से अधिक किस्में प्रदर्शित की गई हैं। ना सिर्फ आम बल्कि इससे बने 56 तरह के पकवानों की प्रदर्शनी यहां लगाई गई है।**

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी संचालनालय तथा प्रकृति की ओर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह आम महोत्सव 14 जून तक चलेगा। कृषि महाविद्यालय परिसर में इस महोत्सव का शुभारंभ कृषि विकास मंत्री रामविचार नेताम ने किया। अध्यक्षता कृषि विवि के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू और उद्यानिकी संचालक एस. जगदीशन उपस्थित रहे।









### देर रात तक भीड़

प्रदर्शनी को आम जनों के लिए सुबह 12 बजे से रात्रि 9 बजे तक खोला गया है। गर्मी और छुट्टियों के दिन होने के कारण लोग यहां देर रात तक पहुंच रहे हैं। छत्तीगसढ़ के विभिन्न जिलों में आम का उत्पादन करने वाले प्रगतिशील कृषक बजरंग केडिया बिलासपुर, दीपक पाण्डेय बागबाहरा, आत्मबोध अग्रवाल रायपुर, डॉ. नारायण भाई चावड़ा दुर्ग, श्री गुप्ता अंबिकापुर और अखिल जैन खैरागढ़ को सम्मानित किया गया। समारोह में लखनऊ के प्रशिद्ध आम उत्पादक कृषक श्री राजकुमार गुप्ता को भी सम्मानित किया गया।







### रोचक नाम

आम की ऐसी किस्में भी यहां आई हुई हैं, जिनके नाम अत्यंत रोचक हैं। इनके नाम सुनकर ही लोग इसकी ओर आकर्षित हो रहे हैं और इसकी खासियत जानना चाह रहे हैं। इसमें लड्डू, पंजाबी जैसी आम की वैरायटियां शामिल हैं। इनमें कुछ आम का रंग चटख लाल है तो कुछ पूरी तरह से हरा है। कई पूरी तरह से पीले हैं। यह भी लोगों को आकर्षित कर रहा है। यहां लोगों के लिए सेल्फी जोन भी बनाए गए हैं। जहां यूथ फोटो खिंचवा रहे हैं।



### बीजापुर की मूल किस्म है हाथीझूल

*आम महोत्सव में बीजापुर की मूल किस्म हाथीझूल भी आई हुई है। आम की इस किस्म का एक फल तीन से चार किलो वजन का होता है। लोग इसे हाथ में उठाकर फोटो खिंचवाते हुए भी नजर आए। कृषि मंत्री ने हाथीझूल किस्म को बीजापुर के अलावा अन्य जिलों में विस्तारित करके इसके उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश संचालक उद्यानिकी को दिए। कृषि मंत्री ने कहा, प्रदेश में बहुत से किसान परंपरागत फसलों की बजाय उद्यानिकी, औषधीय एवं मसाला फसलों की खेती के आगे आ रहे हैं। विभिन्न जिलों में बड़ी संख्या में किसान आम की खेती कर रहे हैं।*

### हापुस, नीलम, चौसा की उन्नत किस्में

*महंगे और विदेशी आम के अलावा देशी आम की उन्नत किस्में भी प्रदर्शनी में लाई गई हैं। यहां दशहरी, लंगड़ा, हापुस, केशर, नीलम, चौसा, नूरजहां, हिमसागर जैसी उन्नत किस्में लेकर किसान पहुंचे हुए हैं। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा, वैज्ञानिकों तथा छात्रों द्वारा निर्मित आम के 56 व्यंजनों का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। आम महोत्सव में शामिल देशी आम अधिक कीमती नहीं हैं, जबकि विदेशी आम की किस्में अधिक महंगी हैं। सबसे कीमती मियाजाकी 2 लाख 70 हजार रुपए का है। थाई बनाना, रैड पामर जैसी विदेशी किस्में भी भारत में अब आसानी से उगाई जा रही हैं। इनकी कीमत भी भारतीय आम की तुलना में अत्यधिक है। आम के अलावा आम से बने विभिन्न व्यंजनों का प्रदर्शन किया गया है। इसमें आचार भी शामिल है।*



## फिर सजा मछलियों का मेला

*रायपुर। आकाशवाणी स्थित गॉस मेमोरियल मैदान में आयोजित हैंडलूम और हैंडीक्राफ्ट मेले में मछलियां लोगों को भा रही हैं। यहां कई प्रजाति की मछलियां लाई गई हैं, जिन्हें फिश टनल में सजाया गया है। विशेषकर छोटे बच्चे इसमें अधिक दिलचस्पी ले रहे हैं। राजधानी में यह दूसरी बार है, जब इस तरह का प्रयोग हैंडीक्राफ्ट मेले में किया गया है।*







## बीएससी में 44% छात्र उत्तीर्ण



**रायपुर।** पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बीएससी द्वितीय वर्ष के परीक्षा परिणामों की घोषणा बुधवार को की गई। परीक्षा में 8 हजार 578 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 3 हजार 797 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, जबकि 3 हजार 249 छात्रों को अनुत्तीर्ण श्रेणी में रखा गया है। 1496 छात्रों को पूरक की पात्रता मिली है। 36 छात्रों के नतीजे विभिन्न कारणों से रोके गए हैं। 56 छात्र ऐसे रहे, जिन्होंने परीक्षा के लिए आवेदन किया, लेकिन अनुपस्थित रहे। परिणाम 44.26 प्रतिशत रहे हैं। छात्र अपने नतीजे रविवि की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। निर्धारित समय में छात्र पुनर्मूल्यांकन और पुनर्गणना के लिए आवेदन कर सकेंगे।

### रविवि में रिसर्च राइटिंग पर कार्यशाला, पद्मश्री विजय दत्त सहित जुटे विशेषज्ञ

**कार्नर न्यूज**

# पुस्तक की जगह इंटरनेट पर ढूंढ रहे सामग्री, इसलिए घट रही है अध्ययनशीलता, शोध को ना बनाएं पिज्जा-बर्गर की तरह

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में 'टूल्स एंड टेक्निक फॉर रिसर्च राइटिंग' विषय पर पांच दिवसीय वर्कशॉप का शुभारंभ बुधवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर रहे। उन्होंने अपने सारगार्भित उद्बोधन में कहा कि शोध में गुणवत्ता के साथ प्रमाणिकता होनी बहुत जरूरी है। शोधार्थी शोध को फास्ट फूड की तरह पिज्जा-बर्गर ना बनाएं, क्योंकि आप जो शोध कार्य करते हैं और जो निष्कर्ष बताते हैं, उसको समाज में सत्य माना जाता है।

आप पूरे लगन और मन से शोध कार्य को पूरा कीजिये ताकि उचित निष्कर्ष तक पहुंचा जा सके। पुस्तकालय के महत्व पर भी बात करते हुए उन्होंने कहा, आज की पीढ़ी के जो विद्यार्थी हैं वो किताबों को पढ़ने की बजाय इंटरनेट से सामग्री को पढ़ना पंसद करते हैं, इसलिए ही युवाओं में अध्ययनशीलता की कमी होती जा रही है। वर्तमान में शोध के लिए कितने भी टूल्स एवं टेक्निक आ जाएं, लेकिन पुस्तक का महत्व कभी खत्म होने वाला नहीं है।





### शोधार्थियों के लिए विवि में की जाएगी व्यवस्थाएं

कुलपति ने शोध की महत्ता बताने के साथ ही आश्वस्त किया कि शोधार्थियों एवं छात्र हित में जो भी आवश्यक होगा, विश्वविद्यालय उसे करने में सदैव तत्पर रहेगा। इसके पूर्व पांच दिवसीय इस कार्यशाला की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। सचिव डॉ. पूर्णिमा कुमारी ने कार्यशाला के उद्देश्यों एवं स्वरूप पर प्रकाश डाला। कार्यशाला संयोजक प्रो. माया वर्मा सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागी व विवि के शिक्षकगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ज्ञान से डरते हैं तानाशा

विशेषज्ञों ने इतिहास में भी पुस्तकालयों के महत्व का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि तानाशाहों ने पुस्तकालयों को ही सबसे पहले नष्ट किया क्योंकि उन्हें ज्ञान से डर था। अंत में उन्होंने शोध लेखन में अंतिम सत्य की खोज को एक चिरंतन प्रक्रिया बताया एवं यह भी रेखांकित किया कि आधुनिक तकनीकों का प्रयोग आवश्यक है, परन्तु स्थापित मौलिक मूल्यों का महत्व कभी कम नहीं होता।

### ज्ञात हो सूचनाएं प्राप्त करने का तरीका

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ल ने अपने उद्बोधन में पुस्तकालय का महत्व को बताते हुए अनुसंधानकर्ताओं को शोध के प्रति नैतिकता एवं ईमानदारी बरतने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि लाइब्रेरी किसी भी एकेडमिक संस्थान का दिल होता है, जिसके बिना कोई भी संस्थान कार्य नहीं कर सकता है। छात्र जब लाइब्रेरी जाते हैं और वहां उनके जिज्ञासाओं की पूर्ति होती है तो सही मायने में लाइब्रेरी का अर्थ पूरा होता है। आगे उन्होंने कहा कि वर्तमान में शोध के क्षेत्र बहुत व्यापक हैं, जहां सभी शोधार्थियों को सूचनाओं को ग्रहण करने वाला होना चाहिए। उन्हें यह पता होना चाहिए कि कहां से कैसे सूचनाएं प्राप्त करनी है और उन सूचनाओं को दूसरों तक कैसे पहुंचाना है।

कैंपस लाइव

## बॉस्केटबॉल प्रीमियर लीग में हिस्सा लेंगे 90 स्कूलों के छात्र



**रायपुर।** बालाजी स्कूल द्वारा आयोजित बालाजी बॉस्केटबॉल प्रीमियर लीग की शुरुआत बुधवार से हुई। इस दौरान राजधानी के 90 स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन देवेंद्र नगर स्थित श्री बालाजी विद्या मंदिर सेक्टर-2 में किया जा रहा है, जो लगातार 45 दिनों तक संचालित की जाएगी। स्पर्धा का आयोजन बीते कई वर्षों से किया जा रहा, जिसका मुख्य उद्देश्य स्कूली बच्चों में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मैदान में बॉस्केटबॉल खेलते हुए की गई, इस दौरान बच्चों ने भी हिस्सा लिया। जिसके पश्चात खिलाड़ियों को उपस्थित कोच ने खेल की बारीकियों एवं नियमों की जानकारी दी ।

### बालक-बालिकाओं की टीम ने जानी खेल की महत्ता

खेल प्रतियोगिता के अंतर्गत अलग-अलग समूह में मैच होंगे। गर्ल्स और ब्वॉयज की टीम स्पर्धा में शामिल है। प्रतिभागियों ने बताया कि वे प्रतियोगिता के लिए बीते एक माह से तैयारी करते आ रहे हैं। इसके लिए वह उत्साहित नजर आए। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, संस्था अध्यक्ष श्री स्वामी, उपाध्यक्ष टी.श्रीनिवास रेड्डी, सचिव केएस आचार्युलु, संयुक्त सचिव एम.श्रीनिवास राव, कोषाध्यक्ष मोहन के नायडू, टी.सुरेश कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने छात्रों को खेलों का महत्व समझाते हुए अधिक से अधिक संख्या में इसमें हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

सिटी लाइव

## बच्चे अध्ययन में अत्यधिक व्यस्त अच्छे संस्कार देना हो प्राथमिकता



**रायपुर।** पाटन ब्लॉक अंतर्गत अमलीडीह में 13 जून को श्री सहजानंद इंटरनेशनल गुरुकुल विद्यालय की आधारशिला रखी जाएगी। इसमें गुरुकुल शिक्षा व्यवस्था के तहत बच्चो को संस्कारवान बनाने, पर्सनालिटी डेवलपमेंट व खेल के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने का प्रयास किया जाएगा। एक विशाल प्रांगण में गुरुकुल की स्थापना की तैयारी जोरों पर है। इसकी विधिवत शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा अर्चना के साथ सुबह 10 बजे किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल होंगे। विशेष रूप से सांसद विजय बघेल, बृजमोहन अग्रवाल प्रमुख रुप से मौजूद रहेंगे। साथ में श्री स्वामी नारायण सेवा समिति के पदाधिकारी व ट्रस्टी भी उपस्थित रहेंगे। बुधवार को पत्रकार वार्ता में कृष्ण वल्लभ स्वामी व सद शास्त्री घनश्याम प्रकाश दास ने बताया की इसमें बच्चों को अच्छी शिक्षा व संस्कार देना गुरुकुल की प्राथमिकता रहेगी।

### क्षमता दिखाने नहीं मिल रहा अवसर

संस्था से जुड़े पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, जितेंद्र पटेल, हर्षद पटेल ने बताया, आज के दौर में बच्चे पढ़ाई में इतने व्यस्त हो जा रहे हैं कि अन्य प्रतिभा जैसे खेल, संस्कृति व बौद्धिक स्पर्धा में क्षमता दिखाने का अवसर उन्हें नहीं मिल रहा है। इन विषयों पर फोकस किया जाएगा। संस्था का उद्देश्य बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए माहौल देना व सीबीएससी पैटर्न में शिक्षा देना है। उन्होंने आगे बताया कि यह भी प्रयास किया जा रहा कि आने वाले साल में पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं शुरू की जाएं। इसके लिए दान में प्राप्त जमीन पर विद्यालय निर्माण की आधारशिला रखी जाएगी। भविष्य में इसमें 12वीं तक शिक्षा दी जाएगी।

आराधना

## कृष्ण जन्मोत्सव पर झूमे भक्त झांकी में कारावास के दृश्य



**रायपुर।** समता कालोनी स्थित विप्र भवन में ब्राह्मण समाज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक स्वामी श्रीमज्ज्योतिर्मयानंदः सरस्वती महाराज ने कथा के चौथे दिन भगवान कृष्ण के अवतरण की कथा बताई। कथा में कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया, जहां मनमोहक भजनों में महिलाएं झूमती नजर आईं। इस अवसर पर नन्हे कृष्ण और पिता वासुदेव की झांकी प्रस्तुत की गई। कथावाचक ने बताया, कृष्ण जन्म के अवसर पर सभी सैनिक निद्रावस्था में चले गए और वासुदेव हाथ व पैरों में बंधी बेड़ियों से आजाद हो गए। कृष्ण जन्म से जुड़ी कथा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया गया। गर्मी के बाद भी भक्तों ने इसका आनंद उठाया।

### माया को तो सब भजे माधव भजे न कोय

कथावाचक ने कहा, माया को तो सब भजे माधव भजे न कोय...जो कदापि माधव भजे माया चेली होए.... महाराज ने पंक्ति का अर्थ समझाया। उन्होंने कहा, माधव को भजो। माया आपके पास एक क्षण भी नहीं रहेगी, प्रभु की भक्ति निरंतर करते चलें। भागवत कथा के अवसर पर भक्तों की भीड़ देखने को मिली। इस दौरान आचार्य पंडित रवि शास्त्री, पंडित खिलेश्वर शास्त्री, तरुण शास्त्री, ओमप्रकाश उपाध्याय, एसके तिवारी, विवेक शुक्ला, प्रकाश तिवारी, संदीप शर्मा, अजीत दुबे,निर्मला पाण्डेय, प्रीति शुक्ला, सुनीता शर्मा, प्रिया दीवान, रंजना मिश्रा, प्रणीता शर्मा सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

नवाचार करने वाले प्रदेश के 161 गुरुओं का सम्मान, साझा किए अनुभव

# छोटा भीम थीम पर सजा दिए ब्लैक बोर्ड, गीत के जरिए सिखाई गिनती शाला त्यागी बच्चों को स्कूल लाने घर जाकर अभिभावकों से मुलाकात

कॉन्वेंट शिक्षा के दौर में भी गाना गाते हुए पढ़ाने वाले, सप्ताह में एक दिन बिना स्कूल बैग के बच्चों की क्लास लगाने वाले गुरुओं की कमी नहीं है। कई गुरुओं ने ग्रामीण अंचल में प्राथमिक शिक्षा से वंचित नौनिहालों का दाखिला दिलाने ही नहीं बल्कि शाला त्यागी बच्चों को वापस शिक्षा से जोड़ने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इनमें एक गुरु तो ऐसे भी है, जिन्होंने जांजगीर क्षेत्र के एक गांव में ही जगह-जगह कार्टून कैरेक्टर छोटा भीम थीम पर बोर्ड सजाया है। ऐसे गुरुओं ने बुधवार को नवाचार के लिए सम्मान पाने के बाद यादें भी साझा की।





### आसानी से समझते हैं छोटे बच्चे

*चांपा से आए डॉ. राघवेन्द्र राठौर ने यादें साझा करते हुए बताया कि 2018 में राज्यपाल से नवाचार के लिए सम्मान मिला। वे बताते हैं कि मैंने महसूस किया कि छोटे बच्चों को कार्टून कैरेक्टर ज्यादा पसंद आते हैं। यदि सवाल को आप कार्टून से जोड़ें तो जवाब पूछने पर वे आसानी से आंसर देते थे। इस नवाचार के अलावा 10वीं पास ग्रामीण विद्यार्थियों को आगे वे किस सब्जेक्ट की पढ़ाई करें, इसे लेकर कॅरियर गाइडेंस भी देता हूं। 80 से ज्यादा शाला त्यागी बच्चों का वापस शिक्षा से जोड़ा।*

**रायपुर।** 'शिकसा' अर्थात शिक्षक कला व साहित्य संस्था ने नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अकादमी के रूप में काम करते हुए छत्तीसगढ़ में प्रयोग करने वाले गुरुओं की बुधवार को वृन्दावन हाल में सुबह 11 से शाम 5 बजे के बीच श्रृंखला सजाई। इसमें पहले क्रम में नई कार्यकारिणी ने शपथ ग्रहण किया। सांसद विजय बघेल और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मुख्य अतिथि रहे। डॉ.शिवनारायण देवांगन, डॉ.प्रकाश ठाकुर, बोधीराम साहू, मोहित कुमार शर्मा सहित अन्य संस्था सदस्य उपस्थित रहे। सरस्वती वंदना एस.वीणा पटेल ने पेश की। राजगीत उषा भट्ट और शीर्षक गीत डॉ.प्रमोद आदित्य ने पेश किया। देविका, मंजूलता मेरसा व ज्योति गजपाल ने नृत्य प्रस्तुत किया। प्रदेशभर से आए नवाचार करने वाले गुरुओं से जिंदगी लाइव की टीम ने उनके अनुभव जाने। उन्होंने बताया कि किस तरह से विविध बाधाओं के बाद भी उन्होंने छात्रों को पढ़ाना जारी रखा और नए तरह के प्रयोग किए।

### अक्षर को जानने उत्पन्न होती है जिज्ञासा



जांजगीर के नवागढ़ से आए विजय कुमार प्रधान ने बताया, मुझे राज्यपाल या राष्ट्रपति से कोई सम्मान नहीं मिला है। मैं अपना दायित्व निभाने में विश्वास करता हूं। क्षेत्रीय स्कूल जदमहन में बच्चों को पढ़ाने के लिए नवाचार करते हुए मैंने स्कूल में ही नहीं बल्कि गांव में भी कई स्थानों पर कार्टून कैरेक्टर छोटा भीम थीम पर अ,आ,इ,ई और क,ख,ग का बोर्ड गांव की दीवारों पर सजाया है। इससे बच्चे आकर्षित होते हैं। अक्षर को जानने की जिज्ञासा के लिए स्कूल आने के लिए कहने पर वे माता-पिता से बात करने की सलाह भी देते हैं।

### 11 विषयों में पोस्ट ग्रेज्यूएट

राज्यपाल से सम्मान पाने वाले डॉ.बोधीराम साहू ने बताया कि 2009 में जांजगीर के पचेड़ा प्राथमिक शाला में जब पढ़ाने गया, तो वहां क्लास खाली देखकर चिंता हुई। तब गांव के ऐसे परिवारों का चयन किया, जिनके यहां प्राथमिक शिक्षा के योग्य बच्चे थे। उनको स्कूल लाने के लिए पालकों को समझाने के लिए कई बार उनके घर आना-जाना किया। इसके बाद हर क्लास में 70 बच्चों की स्थिति बनी। 11 विषयों में पोस्ट ग्रेज्यूएट डॉ. साहू ने बताया कि राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई बार सम्मान मिला, लेकिन खुशी तब मिलती है, जब स्कूल के हर क्लास में विद्यार्थियों की मौजूदगी मिलती है।

### तालियों के बीच सांसद ने गाए गीत

गुरुओं के सम्मान में सजाए गए मंच से सांसद विजय बघेल जब जाने लगे, तो शिक्षकों ने एक छत्तीसगढ़ी गीत की फरमाइश की। इसे वे नकार नहीं पाए और पारिवारिक माहौल में उन्होंने मोर संग चलो रे, मोर संग चलोजी..., गाते हुए शिक्षको के बीच खुशनुमा माहौल भी बनाया। उनका साथ शिक्षकों ने भी दिया। इसके बाद छॉलीवुड एक्ट्रेस जागेश्वरी मेश्राम ने भी मैं छत्तीसगढ़िया...गाते हुए लोगों को खुशनुमा माहौल दिया।

## साथ रखें छोटा ऑक्सीजन सिलेंडर, 13500 फीट में अजवाइन की पोटली से राहत

29 जून से शुरू होगी अमरनाथ की यात्रा, 3 हजार से अधिक लोग करा चुके रजिस्ट्रेशन



**अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है। इसके लिए रायपुर से 3 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है, जिसमें पहली बार यात्रा करने वाले करीब 1 हजार लोग हैं।**

**रायपुर।** श्रद्धालु यात्रा में क्या सावधानियां बरतें, इसके लिए उन्हें अभी से टिप्स दिए जा रहे हैं। इसमें अधिक समय शेष नहीं है। ऐसे में अभी से इसके लिए तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। रायपुर में भी ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सदस्यों से यात्री संपर्क कर रहे हैं। मंडल ने सोशल मीडिया पर पुरुषों और महिलाओं के लिए दो ग्रुप भी बनाए हैं। इनसे अब तक 500 से अधिक लोगों का मार्गदर्शन किया जा चुका है। बाबा बर्फानी की गुफा करीब 13,500 फीट की ऊंचाई पर है, जहां मौसम हर पल बदलता है। यात्रा के दौरान जी मिचलाना, सिरदर्द, उल्टी होना और सांस लेने में कठिनाई जैसी समस्या हो सकती है। ऐसे में उन्हें रोज प्राणायाम करने और 5 किमी रोज चलने की सलाह दी जा रही है।

### पहाड़ों के रहवासी बरतते हैं ये सावधानियां

विभिन्न सेवा मंडल द्वारा लोगों को यात्राएं कराई जाती हैं। मंडल सदस्य लोगों को सलाह दे रहे हैं कि वे अपने साथ पहाड़ों के रहवासियों की तरह कपूर और अजवायन की पोटली रखें। छोटा ऑक्सीजन सिलेंडर रखें, ताकि सांस लेने में दिक्कत होने की सूरत में राहत मिल सके। अपने साथ पर्याप्त गर्म कपड़े भी रखें, क्योंकि तापमान एक से पांच डिग्री तक पहुंच जाता है। लो ब्लड शुगर व थकावट से बचने कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन लें। अमरनाथ श्राइन बोर्ड की वेबसाइट श्रीअमरनाथजीश्राइन डॉट कॉम के फूड मेन्यू का पालन करें।

### यात्रियों को ऑनलाइन दे रहे समझाइश

अमरनाथ यात्रा में जा रहे बुजुर्ग बड़ी संख्या में मंडल के सदस्यों से परामर्श ले रहे हैं। ऑनलाइन के जरिए देश के विभिन्न क्षेत्रों से लोग संपर्क कर रहे हैं। यात्रा के लिए रोजाना 5 किमी चलने का अभ्यास करने की बात कहीं जा रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, दमा के मरीज व सामान्य व्यक्ति शरीर में ऑक्सीजन की क्षमता बढ़ाने के लिए योग और प्राणायाम का अभ्यास करें। अगर आप किसी पुरानी बीमारी से ग्रस्त हैं, तो यात्रा से पूर्व डॉक्टर से जांच अवश्य करवाएं। दवाएं साथ रखें।



## लगेगा चिल्ड्रन मार्केट, समर कैंप में बच्चों की बनाई कला कृतियों को मिलेगा बाजार

**रायपुर।** शाला प्रवेशोत्सव के संदर्भ में जेएन पांडेय विद्यालय में संकुल श्रोत समन्वयकों, विकासखंड एवं जिला शिक्षा अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। 18 जून से 10 जुलाई के बीच प्रदेश में शाला प्रवेश उत्सव मनाया जाएगा। इस उत्सव के दौरान स्कूलों में नए बच्चों का शाला प्रवेश होगा। बैठक में कलेक्टर डॉ.गौरव सिंह ने कहा कि हर बच्चा शाला प्रवेश करे, कोई भी बच्चा स्कूल ड्रॉप ऑउट ना रहे। उन्होंने कहा कि स्कूली शिक्षा में संभव नवाचारों पर विशेष जोर दिया और अगर कोई शिक्षक अपने स्कूल में किसी प्रकार का नवाचार कर रहे हो तो उसे सभी के साथ साझा करने के निर्देश दिए।

**स्कूलों में शाला प्रवेशोत्सव 18 जून से 10 जुलाई के मध्य**

### पैसों का मूल्य समझेंगे बच्चे

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि आगामी दिनों शहर में दो दिन का चिल्ड्रन मार्केट लगाया जाएगा। इसके लिए जरूरी तैयारियां और स्थान चिन्हांकित करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए। विगत दिनों जिले में आयोजित हुए समर कैंप में बच्चों द्वारा बनाए गए उत्पादों और कला-कृतियों को इस चिल्ड्रन मार्केट में बिक्री के लिए रखा जाएगा। इससे एक ओर बच्चों की कला-कृतियों को बाजार उपलब्ध होगा वहीं दूसरी ओर छोटे बच्चें रचनात्मक गतिविधियों के प्रति प्रोत्साहित भी होंगे। इस पूरे आयोजन से बच्चो में बाहरी जीवनशैली के बारे में जानकारी मजबूत होगी, बच्चे समय और पैसों की मूल्यों को समझ सकेंगे।

### साझा किए टिप्स

शिक्षकों ने पढ़ाई के दौरान अपनाए जाने वाले टिप्स भी साझा किए। ग्रामीण संकुल सिलतरा के शाला संकुल समन्वयक श्री गुपेन्द्र ने बताया कि वह अपने संकुल केंद्र में बच्चों का प्रारंभिक से ही मूल्यांकन कर के उनके शैक्षणिक विकास पर जोर देते हैं और साप्ताहिक एवं मासिक रूप से उनकी विकास दर जांचते हैं। जिला पंचायत सीईओ विश्वादीप ने कहा, प्रवेशोत्सव से पूर्व स्कूलों के लंबित सिविल कार्यों को पूर्ण करा लिया जाए बारिस का मौसम को ध्यान में रखते हुए लीपाई पोताई के साथ ही छतों की आवश्यकतानुसार मरम्मत करा लिया जाए।

महाराजबंद तालाब के पास श्रमदान व जन भागीदारी से सजी हनुमान वाटिका

# कभी था कचरे का ढेर, युवाओं ने 8 वर्ष में बदल दिया स्वरूप 600 से अधिक पेड़ रोपे, अब वाटिका दे रही सुकून भरी छांव

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** शहर को सुंदर व हरा-भरा बनाने की पहल अब निगम व स्मार्ट सिटी ही नहीं बल्कि अलग-अलग क्षेत्र के युवा भी ग्रुप बनाकर करने लगे हैं। इससे पुरानी बस्ती क्षेत्र भी अछूता नहीं है। महाराजबंद तालाब के पास करीब पौन एकड़ खाली जमीन पर आठ साल पहले लोग कचरा फेंकते थे। इससे इस रूट से आने-जाने वाले लोगों को बदबू की वजह से दिक्कत होती थी। उस स्थान को युवाओं ने हरा-भरा करने के लिए ग्रुप बनाकर 600 से ज्यादा पौधे रोपे, जो अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं। इससे घूमने-फिरने आने वाले आस-पास के लोगों को हरियाली के बीच हनुमान वाटिका में सुकून की छांव भी मिलने लगी है। इसके पहले महामाईपारा, ठेठवारपारा और पटेलपारा के लोगों को आस-पास में घूमने-फिरने और सुकून के पल बिताने के लिए दूसरे क्षेत्रों में जाना पड़ता था।





### बरगद-पीपल सहित कई तरह के वृक्ष

वाटिका की सफाई और पानी देने की जिम्मेदारी निभाने वाले दीप कुमार सपहा, मोहन वंशी और रोहित यदु ने बताया, जहां अभी हरियाली देखने को मिल रही है, वहां 8 साल पहले निगम के सफाई कर्मी कचरा डंप करते थे। इसके आस-पास लोगों ने कब्जा भी शुरू कर दिया था। जमीन को बचाने और उसे उपयोगी बनाने का 6 युवाओं ने संकल्प लिया। तालमेल बनाकर जब उस जगह को श्रमदान करके साफ करने की मुहिम तेज की गई तो अन्य युवा भी आम, नीम, आंवला, बरगद, बेल , कदम, इमली के पौधे लगाने के लिए आगे आए। उसे बचाने के लिए तालाब से पानी लाने के बाद सिंचाई शुरू की गई।

### जाली लगाकर घेराबंदी

पौधे को बचाने के लिए प्रयास करते देखकर आस-पास के 20 से ज्यादा युवाओं ने जनभागीदारी से ग्रिल व जाली लगाकर सुरक्षित करने का निर्णय लिया। लोगों की सक्रियता बढ़ने से पौन एकड़ एरिया को जाली से सुरक्षित किया। इससे पौधों का मवेशियों से बचाव होने के साथ हरियाली देखने को मिलने लगी। तब घूमने-फिरने के लिए आने वालों के लिए वहां बेंच लगाने का प्रयास किया गया। विजय सपहा और श्रवण ढीमर ने बताया कि अभी 20 तरह के फूल भी लगाए गए हैं। लोगों की सक्रियता बढ़ने से अब चौपाटी सजने लगी है। इससे हर वर्ग के लोगों को सुकून की छांव के साथ खान-पान की सुविधा भी मिल रही है।

### पानी देने के लिए बोर

युवाओं ने बताया कि पौधों को बचाने के लिए पहले तालाब से पानी लाना पड़ता था। इसे देखते हुए आपसी तालमेल से बोर करवाने के बाद वहां टंकी लगाई गई। लोगों के बीच इसे पहचान दिलाने के लिए हनुमान मंदिर के नाम से इसका नाम हनुमान वाटिका रखा गया। इस वाटिका के आस-पास कई मंदिर होने से लोग सुबह व शाम को दर्शन करने के लिए भी पहुंचने लगे हैं। इसके पहले यह क्षेत्र विरान हुआ करता था। सड़क चौड़ीकरण में पेड़ काटे गए. इसलिए हरियाली का अभाव होने से लोग रूकते भी नहीं थे। अब वाटिका के चलते क्षेत्र ने चौपाटी का रूप ले लिया है। इससे हर वर्ग के लोग घूमने पहुंचने लगे हैं।

## सिटी स्पोर्ट्स

# तीन दिवसीय 24वीं राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता भिलाई में 15 जून से



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वाधान में दुर्ग जिला जूड़ो संघ द्वारा 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता (बालक एवं बालिका) का आयोजन 15 जून से 17 जून तक अंबेडकर सामुदायिक भवन, बैकुंठ धाम, शारदा पारा कैंप-2, भिलाई, जिला दुर्ग में आयोजित की जा रही है। जिला जूडो संघ रायपुर के अध्यक्ष अनीस मेमन की ओर से जानकारी देते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी एवँ महासचिव शम्भू सोनी ने कि राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न जिलों से लगभग 350 जूड़ो बालक एवं बालिका खिलाड़ी तथा 50 अधिकारी भाग लेंगे। प्रतियोगिता सब जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग में अलग-अलग वजन समूह में खेली जाएगी। प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक खेली जाएगी। उद्घाटन समारोह 16 जून को सुबह 11 बजे तथा समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 17 जून को शाम 5 बजे निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता के संचालन के लिए राज्य के समस्त अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय रेफरियों को भी आमंत्रित किया गया है। 16 जून को छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ की वार्षिक आम सभा भी आयोजित की जा रही है जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ से मान्यता प्राप्त समस्त जिला संघ यूनिट एवं कारपोरेशन के अध्यक्ष एवं सचिव को भी आमंत्रित किया गया है।

# बालाजी बास्केटबॉल प्रीमियर लीग में हिस्सा ले रहे 90 स्कूल



**रायपुर।** रायपुर स्थित श्री बालाजी विद्या मंदिर देवेंद्र नगर सेक्टर 2 में बालाजी बास्केटबॉल प्रीमियर लीग का शुभारंभ हुआ। 45 दिन की इस लीग में लगभग 90 विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। ज्ञात हो की बालाजी स्कूल में पिछले कई वर्षों से बास्केटबॉल का ट्रेनिंग सेंटर चल रहा है। इस ट्रेनिंग सेंटर से लगभाग अभी तक 120 खिलाड़ियों ने नेशनल स्पर्धाओं में भाग ले चुके है। खिलाड़ियों को पशिक्षण कोच उमेश सिंह ठाकुर द्वारा दिया जाता है।

# बास्केटबॉल लिटिल लीग ईगल फैंस में रोमांचक मुकाबले




**रायपुर।** न्यायधानी बिलासपुर में बास्केटबॉल लिटिल लीग सीजन-3 के दूसरे दिन का मैच बेहद रोमांचक रहा। जिसमे जॉर्डन 11, कोबरा काई, नो रूल्स, रूल्स ब्रेकर, ईगल फैंस टीम शामिल रहे। जिसमे जिसमे ईगल फैंस ने रूल ब्रेकर को 20-14 से मात देकर विजय हासिल की। दूसरा मैच कोबरा काई बनाम जॉर्डन 11 के मध्य खेला गया। जिसमे जॉर्डन 11 ने 26-17 से मात दी।

नो रूल्स बनाम रूल्स ब्रेकर के मध्य मैच खेला गया। जिसमे नो रूल्स ने 20-18 से विजय हासिल की। जिसमे एल्विन सिंडे, सुशांत यादव, हनी, अथर्व यादव ने शानदार प्रदर्शन किया। मैच के निर्णायक सौम्य संतवानी, मोहन निषाद, हिमांशु कामले, हर्ष सिंह, सोयम सारथी रहे। बास्केटबाल संघ के सचिव डा. सुधीर राजपाल, आनंद सिंह, विकास गोरख, अमित पिल्ले, ऋषभ हडलेस्कर, श्रेयांशु कौशिक, अर्पित मिश्रा, राहुल हडलेस्कर, विशाल टंडन, शुभम पटेल गूंजा केसरवानी, सौम्य संतवानी, हर्ष सिंह, हिमांशु कामले, शुभम यादव, आकर्ष यादव शामिल रहे।

## स्वस्थ्य रहने के लिए दिनचर्या में संतुलन रखना बेहद जरूरी

# समय पर नहीं सोते हैं तो आपके पेट के लिए खतरे की घंटी, रहें सावधान

क्या आपको भी अक्सर पेट में समस्या बनी रहती है? कहीं यह आपके गड़बड़ स्लीप पैटर्न के कारण तो नहीं? जी हां, अगर आपके रोजाना सोने जागने का समय ठीक नहीं है तो इसका पाचन स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव हो सकता है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि अनियमित नींद का पैटर्न आपके पेट में हानिकारक बैक्टीरिया को बढ़ावा देने वाला हो सकता है। इस प्रकार के बैक्टीरिया न सिर्फ पाचन स्वास्थ्य को बिगाड़ सकते हैं, साथ ही गुड बैक्टीरिया पर को भी ये कम करने वाले हो सकते हैं। यह पहला ऐसा अध्ययन है जिसमें शरीर की आंतरिक घड़ी यानी सर्केडियन रिद्म को पाचन स्वास्थ्य समस्याओं से जोड़कर देखा गया है।



### गंभीर रोगों का भी बढ़ जाता है खतरा

अध्ययन के निष्कर्ष में पाया गया कि नींद की कमी आंतों में बैड माइक्रोबायोम को बढ़ाने वाली हो सकती है। अध्ययन में पाया गया कि खराब आहार गुणवत्ता, मोटापे और कार्डियोमेटाबोलिक स्वास्थ्य के कारण दिल का दौरा, स्ट्रोक और मधुमेह का खतरा हो सकता है। आंतों में गुड बैक्टीरिया की कमी के कारण पाचन स्वास्थ्य बिगड़ जाता है जिससे इन बीमारियों के बढ़ने का खतरा हो सकता है।

### नींद की कमी से सेहत पर असर


शोधकर्ता कहते हैं, नींद की कमी संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। यही कारण है कि सभी लोगों को रोजाना रात में 6-8 घंटे की निर्बाध नींद लेने की सलाह दी जाती है। किंग्स कॉलेज लंदन के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए इस शोध अनुसार, इस बारे में जागरूकता कम है कि सोने के पैटर्न में छोटी-छोटी विसंगतियों भी शरीर की जैविक लय प्रभावित कर सकती हैं। इस अध्ययन में हमने पाया गया है कि ये पाचन स्वास्थ्य के लिए भी समस्या बढ़ाने वाली स्थिति हो सकती है।

### क्या कहते हैं स्वास्थ्य विशेषज्ञ?

किंग्स कॉलेज लंदन में प्रोफेसर और शोध के वरिष्ठ लेखक डॉ. वेंडी हॉल कहती हैं, हम जानते हैं कि नींद में व्यवधान, जैसे कि नाइट शिफ्ट में काम करना आपके स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव डाल सकते हैं। शोधकर्ताओं का सुझाव है कि आंत में रोगाणुओं की संरचना पाचन से लेकर मेटाबॉलिज्म तक को भी प्रभावित करने वाली हो सकती है।

अध्ययन से 934 लोगों के एक समूह का मूल्यांकन किया। उनके रक्त, मल और आंतों के माइक्रोबायोम सैंपल के साथ-साथ नियमित नींद की अवधि का आकलन किया गया।





# बर्पीस करते हुए मिलेगा बेस्ट रिजल्ट, फॉलो करें जरूरी टिप्स

जब भी हम वर्कआउट करते हैं तो हमारी कोशिश यही होती है कि हम कम समय में फुल बॉडी वर्कआउट कर सकें। ऐसे में बर्पीस करना अच्छा विचार हो सकता है। यह एक हाई इंटेसिटी एक्सरसाइज है, जिसमें आपकी पूरी बॉडी शामिल होती है। अगर आप अपना वेट लॉस करना चाहते हैं तो बर्पीस करना फायदेमंद हो सकता है। इतना ही नहीं, इसे कार्डियोवस्कुलर हेल्थ के लिए भी उतना ही अच्छा माना जाता है। बर्पीस फिजिकल और मेंटल हेल्थ दोनों पर अपना अच्छा असर दिखाता है।

हालांकि, बहुत से लोग बर्पीस करना बहुत अधिक पसंद नहीं करते, क्योंकि वे इसमें जल्द ही थकान महसूस करते हैं या फिर वे इसे अच्छी तरह परफॉर्म नहीं कर पाते हैं। इसलिए, यह जरूरी है कि आप बर्पीस करते हुए कुछ छोटे-छोटे टिप्स को फॉलो करें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको बर्पीस करते हुए ध्यान रखना चाहिए-



**जरूर करें वार्मअप :** यूं तो किसी भी तरह की एक्सरसाइज को करने से पहले वार्मअप करना जरूरी माना जाता है, लेकिन बर्पीस करने से पहले यह और भी ज्यादा आवश्यक है। चूंकि बर्पीस एक हाई इंटेसिटी एक्सरसाइज है तो ऐसे में अगर आप वार्मअप को स्किप करते हैं तो इससे मसल्स व ज्वॉइंट्स में चोट लगने की संभावना बढ़ जाती है। हमेशा बर्पीस करने से पहले आप लाइट कार्डियो और स्ट्रेचिंग करें।

**फॉर्म का रखें ध्यान :** बर्पीस करते हुए अपने बॉडी फॉर्म पर फोकस करना बेहद जरूरी है। जब भी आप बर्पीस करते हैं तो उसे दौरान कमर को सीधा रखें और अपनी कोर को एंगेज रखें। साथ ही, अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई के बराबर रखें। सही बॉडी फॉर्म में बर्पीस करने से किसी भी तरह की चोट लगने का खतरा कम हो जाता है।

**बहुत तेजी से ना करें :** आमतौर पर यह देखा जाता है कि जब भी लोग बर्पीस करते हैं तो वे उसे बहुत तेजी से करते हैं। ऐसे में वे ना केवल जल्दी थक जाते हैं, बल्कि झटका आने की संभावना भी बढ़ जाती है। इसलिए शुरुआत हमेशा धीमी गति से करें। एक बार जब आप कंफर्टेबल फील करने लगें तो धीरे-धीरे स्पीड बढ़ा सकते हैं। इससे आप अधिक देर तक बर्पीस कर पाएंगे।

### फुटवियर पर फोकस करना भी है जरूरी

जब आप बर्पीस करते हैं तो उसमें जंप से लेकर स्क्वॉट्सतक कई एक्ससरसाइज को एक ही एक्सरसाइज में शामिल किया जाता है। इसलिए, आपको अपने फुटवियर पर भी ध्यान देना चाहिए। बर्पीस करते हुए आपको ऐसे फुटवियर को पहनना चाहिए, जो आपके पैरों को सही सपोर्ट और कुशनिंग प्रदान करें। इससे आपके पैरों पर अतिरिक्त दबाव नहीं पड़ता है। साथ ही साथ, चोट लगने का खतरा भी कम हो जाता है।

**रहें हाइड्रेटेड :** यह एक छोटा सा टिप महसूस होता है, लेकिन इससे आपकी वर्कआउट परफारमेंस पर काफी असर पड़ता है। जब आप वर्कआउट करते हैं तो उस दौरान पर्याप्त मात्रा में पानी पीएं। जब आपकी बॉडी हाइड्रेटेड होती है तो आपका एनर्जी लेवल बना रहता है और आपको जल्द थकान का अहसास नहीं होता है।

# बेड के सिरहाने क्या रखें और क्या नहीं, वास्तु अनुसार जानना जरूरी

बेडरूम घर का एक बेहद अहम हिस्सा होता है। जब हम बेड पर सोते हैं और एक अच्छी नींद लेते हैं तो इससे हेल्थ पर भी अच्छा असर पड़ता है। हालांकि, कई लोगों को रात में ठीक तरह से नींद नहीं आती है। वे चाहकर भी अच्छी तरह से सो नहीं पाते हैं। जिससे उनकी रात ही नहीं, पूरा दिन भी खराब हो जाता है। कई बार आपको ठीक तरह से नींद ना आने के पीछे की मुख्य वजह आपके बेडसाइड में रखी चीजें भी हो सकती हैं।

अक्सर लोग अपनी सुविधा के अनुसार बेड के सिरहाने पर सामान रखते हैं या फिर यूं ही कभी-कभी कुछ भी रख देते हैं। लेकिन इससे भी आपके कमरे का वास्तु खराब होता है। इसलिए, यह जरूरी है कि आप बेडसाइड में रखे सामान पर भी उतना ही ध्यान दें। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि बेड साइड पर आपको क्या रखना चाहिए और क्या नहीं-



### ना हो कूड़ा-कचरा

कई बार लोग बेड के साइड व पीछे की सफाई नहीं करते हैं। जिससे वहां पर गंदगी जमा हो जाती है। अक्सर लोग कई महीनों में वहां की सफाई करते हैं, लेकिन ऐसा करने से उस स्थान में नेगेटिविटी बढ़ने लगती है। अगर आपके बेड साइड या पीछे गंदगी होती है तो इससे आपको अच्छे सपने नहीं आते हैं। बल्कि कई तरह के बुरे सपनों के कारण आपको परेशानी हो सकती है।

### साइड में रखें चप्पल

कुछ लोगों कम स्पेस होने के कारण या फिर कंफर्टेबल फील करने के लिए बेड के साइड में शू रैक बनवा देते हैं। जबकि ऐसा भूल से भी नहीं करना चाहिए। भले ही आपके बेड साइड में स्पेस है और आपने वहां पर साइड टेबल नहीं रखी है। लेकिन इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि आप वहां पर शू रैक बनवा दें। अगर आप चाहें तो बेड के साइड में अपने डेली वियर की चप्पल रख सकते हैं। लेकिन वहां पर कई सारे जूते-चप्पल रखने से बचें। अगर रखें शोपीस

बेड के साइड में शोपीस रखने में कोई समस्या नहीं है। अधिकतर लोग अपने बेडरूम को खूबसूरत बनाने के लिए बेड साइड में शोपीस रखते हैं। लेकिन आप किस तरह के शोपीस रख रहे हैं, इस बात पर ध्यान देना चाहिए। आपको बेड साइड में पेड़ों की लकड़ी या टहनी से बने शोपीस रखते हैं, जो देखने में काफी अजीब लगते हैं तो ऐसे में आपको वहां पर इन्हें नहीं रखना चाहिए।

# बिना मिक्सर के घर पर बनाएं ओरिगेनो और चिली फ्लेक्स, ये आसान ट्रिक

आप अगर बाज़ार से चिली फ्लेक्स और ऑरिगेनो खरीदते हैं तो ऐसा न करें बल्कि इन्हें कुछ ही मिनटों की मेहनत में घर पर बनाएं।

चिली फ्लेक्स बनाने के लिए आपको सिर्फ 50 ग्राम सूखी लाल मिर्च लेनी है। इसे आप बिना मिक्सर के बनाना चाहती हैं तो इसका तरीका भी बहुत आसान है। इसका तरीका ये है कि आप इसे 1 घंटे के लिए धूप में सुखा दें। आपको कड़ी धूप चाहिए। बस यही है सीक्रेट ट्रिक जो आपको घर पर ही आसानी से चिली फ्लेक्स बनाने में मदद करेगी।

अब आपको बस 3 स्टेप करना है- मिर्च को बीच में से तोड़कर सारे बीज अलग कर लें। अब छिलकों को एक पॉलीथीन में डालकर क्रश कर लें और अब इन दोनों को एक साथ मिला दें।

बस इतना आसान है घर पर ही चिली फ्लेक्स बनाना। ये बिना मेहनत और मिक्सर के इसी तरह से बन जाते हैं। अगर आप धूप नहीं दिखा पाए हैं मिर्ची को या फिर जल्दी में हैं तो सूखी लाल मिर्च के बीज अलग कर छिलकों को आपको थोड़ा सा ग्राइंड करना पड़ेगा ये हाथ से नहीं होंगे। इन्हें बनाने का सबसे अच्छा तरीका यही है कि आप इन्हें धूप में सुखा दें। सूखी लाल मिर्च को अगर थोड़ी देर के लिए धूप में रख दिया जाए तो ये बहुत ज्यादा क्रिस्पी हो जाती है।



### घर पर बिना मिक्सर के ऐसे बनाएं ऑरिगेनो-

घर पर ऑरिगैनो बनाने के लिए आपको बस एक ही सामग्री की जरूरत होगी और वो है अजवाइन के पत्ते। ये आपको बहुत ही आसानी से मार्केट में मिल जाएंगे या फिर आप घर पर अजवाइन का पेड़ ही लगा सकती हैं जो बहुत ही आसानी से लग जाता है।

अब आपको बस 3 स्टेप करनी है- सबसे पहले अजवाइन के पत्ते आप धोकर सुखा लें। इसे तवे पर आप पलट-पलट कर सेकें जिससे ये ड्राई हो जाएं। जब ये पत्ते ड्राई हो जाएं तो आप इसे चूर लें। ये हाथों से ही चूरा हो जाएंगे और बस यही होगा आपका ऑरिगेनो। आप इन्हें धूप में भी सुखा सकते हैं, लेकिन ये काफी दिन ले लेंगे सूखने में और इसलिए सबसे आसान तरीका यही होगा कि आप इसे तवे पर सेंक लें। अगर आप इन्हें माइक्रोवेव करना चाहें तो वो भी कर सकते हैं, लेकिन बीच में बार-बार इन्हें पलटें ताकि ये दोनों तरफ से अच्छे से सिंक जाएं और सूख भी जाएं।

## कार्नर न्यूज

## कामकाजी पिता को नहीं भूलनी चाहिए अपनी घर की भूमिका और बच्चों से रिश्ता

# अक्सर बाहर रहते हैं तो अपने बच्चों के साथ ऐसे बनाएं मजबूत रिश्ता

*आप टूर पर रहने वाले पापा हैं? अगर हां, तो अक्सर बच्चों के साथ समय नहीं बिता पाने का अफसोस तो आपको जरूर होता होगा। आपको अपनी पेरेंटिंग पर भी शक हो जाता होगा। एक बार ये भी सोच लेते होंगे कि बच्चों के साथ रिश्ता कहीं कमजोर न पड़ जाए। लेकिन सिर्फ सोचने से काम नहीं चलेगा आपको कई बदलाव करने होंगे। ये बदलाव ऐसे हैं, जो आपको टूर पर रहते हुए भी बेस्ट पिता वाला फील देंगे। बच्चे भी आपसे खुश रहेंगे, उन्हें अक्सर आपसे दूर रहने से शिकायत नहीं होगी।*



### बच्चों के लिए स्पेशल टाइम

अगर आप अक्सर टूर पर जाते हैं तो आपके पास बच्चों के लिए स्पेशल टाइम जरूर होना चाहिए। ये वो टाइम है जो आप घर पर होने के दौरान बच्चों के साथ बिताएंगे। बस आपको करना यह है कि ये समय थोड़ा स्पेशल हो। ताकि बच्चे आपके न होने पर भी उस समय को याद करके खुश हो सकें। इससे वो आपके साथ ज्यादा लगाव महसूस करेंगे। कोशिश करें ये वाला स्पेशल टाइम घर से जाने के एक या दो दिन पहले ही बिताएं। आपके जाने के बाद बच्चों के मन में इसकी याद ताजा रहेगी।

### कैलेंडर बताएगा, आप कब आएंगे

कैलेंडर हर घर में होता है और आते-जाते इस पर नजर भी पड़ जाती है। आप कैलेंडर पर उन तारीखों पर कलर कीजिए जिन पर आप घर पर रहने वाले हैं। बच्चे आपके जाने पर बहुत दुखी नहीं होंगे बल्कि कलर की हुई तारीखों को जब भी देखेंगे, उन्हें आपका इंतजार रहेगा। वो इसको लेकर एक्साइटमेंट महसूस करेंगे।

### आपको है इंतजार

आप बच्चों से टूर के समय फोन पर बात तो जरूर करते होंगे। इस वक्त उनसे ये जरूर जताइए कि आपको उनसे मिलने का इंतजार है। आप हर पल जल्द से जल्द उनके पास आ जाना चाहते हैं। बच्चों को ये बात अच्छी लगेगी और वो खुद को स्पेशल भी महसूस करेंगे। उनका आपसे लगाव बढ़ेगा। वो दूर होकर भी आपके करीब महसूस करेंगे। आपको ये बात फोन पर ही महसूस होने लगेगी।

### टूर से लाए गिफ्ट

आप टूर पर जाते रहते हैं तो वहां से गिफ्ट लाना शायद आपको बोरिंग लगने लगा होगा। 'आप सोचते होंगे, अरे मैं तो अक्सर ही टूर पर जाता हूं हर बार क्या लाऊं?' इस सोच को बदलना होगा आपको। कोशिश करें बच्चों के लिए टूर से लौटते समय गिफ्ट जरूर लाएं। फिर चाहे वो उस शहर से जुड़ी कोई खास चीज ही क्यों न हो। जैसे राजस्थान से वहां के हैंडीक्राफ्ट लाए जा सकते हैं।



### थकावट का असर

हो सकता है आप टूर से बहुत थक कर लौटे हों। थकावट का असर आपके व्यवहार पर हो सकता है। हो सकता है आपको चिढ़ भी महसूस हो रही हो। अब अपने इस व्यवहार का असर बच्चों पर बिल्कुल नहीं पड़ने दीजिए। बच्चे अगर आपके इस व्यवहार से परेशान हुए तो वो आपके लौटने का इंतजार नहीं करेंगे। बल्कि मनाएंगे कि आप टूर पर ही रहें। इसलिए अपनी टेंशन, थकावट और परेशानियों से बच्चों को दूर रखिए तब ही उनके साथ रिश्ता मजबूत हो पाएगा।

### रूटीन मेंटेन रखें

आप अगर अक्सर ही बाहर रहते हैं तो घर लौटने पर बच्चों के रूटीन को बदलकर आप अपने हिसाब से दिन सेट कर लेते होंगे। लेकिन आपकी ये आदत गलत है। बच्चों को कभी उनके डेली रूटीन से मत हटाइए।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## जैक स्नाइडर की दोनों रिबेल मून का अब रिलीज होगा डायरेक्टर्स कट वर्जन



एक्शन फिल्मों के शौकीन दर्शकों के लिए इस साल अगस्त का महीना बेहद खास होने जा रहा है। आज ही हॉलीवुड के बेहतरीन निर्देशक जैक स्नाइडर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से एक खुशखबरी को फैंस के संग साझा किया है। उनकी फिल्म 'रिबेल मून-पार्ट वनः ए चाइल्ड ऑफ फायर' और 'रिबेल मून-पार्ट टूः द स्कारगिवर' को अब दर्शक डायरेक्टर कट के साथ देख पाएंगे। नए टाइटल के साथ उनकी दोनों फिल्में इस साल अगस्त में दस्तक देने जा रही है। जैक स्नाइडर ने क्या कुछ कहा है अपनी इन फिल्मों के बारे चलिए जानते हैं-- 'रिबेल मून' के निर्देशक जैक स्नाइडर ने आज खुलासा किया है कि उनकी दोनों फिल्म अब डायरेक्टर कट के साथ एक बार फिर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने जा रही है। इस खबर को सुनकर 'रिबेल मून' के दर्शकों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने अपने फैंस के संग फिल्म के नए टाइटल को भी साझा किया है। निर्देशक जैक स्नाइडर एक्शन फिल्मों के महारथी हैं। आज अपनी फिल्म 'रिबेल मून' के बारे में खुलासा करते हुए उन्होंने कहा कि 'रिबेल मून - पार्ट वनः ए चाइल्ड ऑफ फायर' और 'रिबेल मून - पार्ट टूः द स्कारगिवर' को नए शीर्षक के साथ एक बार फिर से दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया जायेगा। उन्होंने इसके साथ यह भी बताया कि दोनों फिल्मों के नाम क्रमशः 'रिबेल मून - चैप्टर वनः चालिस ऑफ ब्लड' और 'रिबेल मून - चैप्टर दोः कर्स ऑफ फॉरगिवनेस' होगा।

### टॉलीवुड

## 'कुली' की शूटिंग शेड्यूल में बदलाव, फ्लोर पर आएगी रजनीकांत और लोकेश की फिल्म



सुपरस्टार रजनीकांत इन दिनों कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। हाल ही में उन्होंने 'वेट्टैयन' की शूटिंग पूरी की, जिसकी जानकारी निर्माताओं ने फिल्म के सेट से तस्वीर साझा करते हुए दी थी। वहीं, अब अभिनेता अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'कुली' की शूटिंग शुरू करने के लिए तैयार हैं। लोकेश कनगराज के साथ मिलकर रजनीकांत जल्द ही शूटिंग शुरू करने वाले हैं, जिसके बारे में ताजा जानकारी सामने आई है। ताजा अपडेट के अनुसार, 'कुली' की शूटिंग 1 जुलाई से शुरू होने वाली है। फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम जोरों पर है। लोकेश कनगराज फिलहाल कलाकारों को अंतिम रूप दे रहे हैं। फिल्म के अन्य किरदारों के लिए कई कलाकारों का चयन कर लिया गया है। जानकारी के मुताबिक 'कुली' लोकेश सिनेमैटिक यूनिवर्स की फिल्म नहीं होगी।

हाल ही में एक साक्षात्कार में निर्देशक लोकेश कनगराज ने खुलासा किया कि फिल्म में मजबूत महिला किरदार होंगे। खबरें हैं कि श्रुति हासन एक महत्वपूर्ण भूमिका में दिखाई देंगी। कहा जा रहा है कि वे फिल्म में अभिनेता की बेटी के रूप में नजर आ सकती हैं। साथ ही कहा गया है कि अन्य बड़े कलाकारों को भी जल्द ही कास्ट किया जाएगा। हालांकि, इस बारे में आधिकारिक घोषणा होने बाकी है। इससे पहले यह खबर आई थी कि फिल्म का पहला भाग पूरी तरह से फाइनल हो चुका है। फिल्म की कहानी, पटकथा और संवाद सावधानीपूर्वक तैयार किए गए हैं। टीम शेष हिस्से को तेजी से पूरा करने के लिए तैयार है।

### भोजपुरी

## फिल्म 'गवनवा के साड़ी' का फर्स्ट लुक हुआ आउट,जल्द लांच होगा ट्रेलर



लगातार बैक टू बैक भोजपुरी फिल्मों के निर्देशन करने वाले डायरेक्टर संजीव बोहारपी की एक और फिल्म 'गवनवा के साड़ी' का फर्स्टलुक आउट जारी हुआ। इसके बाद फिर एक बार यह फिल्म चर्चा का विषय बन गई है। इसके फर्स्टलुक को जहां फिल्मी जगत के लोग पसंद कर रहे है वहीं भोजपुरी फिल्मों से सोशल मीडिया से जुडे लोग भी पसंद कर रहे है। फिल्म के निर्माता निलाभ तिवारी एवं डायरेक्टर संजीव बोहारपी ने बताया कि ट्रेलर भी जल्द ही लांच होगा और कोशिश है कि इस फिल्म का प्रदर्शन जल्द से जल्द किया जाए। इस फिल्म के निर्माता निलाभ तिवारी, प्रदीप सिंह एवं अंजनी तिवारी है। वहीं भोजपुरी इंडस्ट्री से संजना पांडे,आकाश,श्लेषा मिश्रा, ललित उपाध्याय,किरण यादव,विनोद मिश्रा,प्रिया पांडे, भानु पांडे, वंदना दुबे,श्रष्टि पाठक, गौरव पांडे, काजल मौर्या,महेंद्र प्रताप सिंह और सुरेश यादव जैसे कलाकार शामिल है। वहीं इस फिल्म में कथा,पटकथा,संवाद सत्येंद्र सिंह, कला-अंजनी तिवारी, छायांकन-विजय मंडल, नृत्य-कानू मुखर्ज़ी, सोनू प्रीतम, मारधाड़-श्रवण कुमार, संगीत- ओम झा, गीत-अरबिंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, संकलन-धरम सोनी, पोस्ट प्रोडक्शन -बॉलीवुड उमंग, ट्रेलर,डी .आई. कलरिस्ट- धरम सोनी, पाश्र्व संगीत मिक्सिंग -प्रियांशू राज, क्रिएटव टीम - मारुदा शर्मा (ईपी), नेहा उपाध्याय, विशाल यादव, कार्यकारी निर्माता-अभिषेक त्रिपाठी, सह-निर्देशक- पुष्पेंद्र सिंह मोनू, निर्माण व्यवस्थापक-भास्कर तिवारी, ह्रदय यादव,विक्रम विश्नोई, निर्माण प्रबंधक-राजेश सेन राकेश तिवारी,डी. के. गुप्ता, एम पी सिंह है। ज्ञातव्य हों कि यूपी और बिहार मे गवना का बडा महत्व होता है,शादी के कुछ माह या एक दो साल में जब दुल्हन की दुबारा बिदाई कराकर ससुराल पक्ष द्वारा ले जाया जाता है उसे गवना कहा जाता है। यूपी और बिहार में गवना का बहुत बडा महत्व है, इसी पर इस फिल्म की कहानी आधारित है।

फैशन की दुनिया

लाइफ स्टाइल



बैंगलोर फैशन वीक दुनिया भर के फैशन डिजाइनरों और प्रमुख खरीदारों को करीब लाने और सार्थक चर्चा में सक्षम बनाने में आगे आया है। यह एशिया का सबसे बड़ा फैशन शो है और आभूषण, फैशन और सहायक उपकरण के लिए सबसे अधिक मांग वाला व्यापार मेला है। 2009 से शुरू हुए इस द्विवार्षिक कार्यक्रम में दो लाख तक की भीड़ जुटती है। इसकी लोकप्रियता में लगातार इजाफा हो रहा है और फैशन की दुनिया में यह एक स्थापित शो बन रहा है। पिछले शो के दौरान कुछ मॉडल इस अंदाज में नजर आईं।

## बालों को घर पर ही प्रोटीन ट्रीटमेंट देने के तरीके जानें

यह बात तो हम सभी को पता कि बाल प्रोटीन से बने हुए होते हैं और यदि बालों में प्रोटीन की कमी हो जाए तो यह बेजान और रूखे होने लग जाते हैं। इतना ही नहीं बालों में प्रोटीन की कमी के कारण और बहुत सारी समस्याएं होने लग जाती हैं। बाजार में आपको बहुत सारे हेयर प्रोटीन ट्रीटमेंट मिल जाएंगे। साथ ही आपको बाजार में बहुत सारे ऐसे प्रोडक्ट्स भी मिल जाएंगे, जो बालों में प्रोटीन पहुंचाने का दावा करते हैं। मगर ब्यूटी एक्सपर्ट पूनम चुघ कहती हैं, 'जब तक आपकी फूड हैबिट्स ठीक नहीं होंगी या फिर आप प्रोटीन युक्त आहार नहीं लेंगे, तब आपके बालों तक उचित प्रोटीन नहीं पहुंच पाएगा। इसके साथ ही आपको बालों को प्रोटीन ट्रीटमेंट देना ही है तो आप घरेलू चीजों से दे सकती हैं। हम अपने सैलून में आने वाले क्लाइंट्स को भी यही सलाह देते हैं और अब तो आपको यह नेचुरल ट्रीटमेंट बड़े-बड़े ब्यूटी सैलून में भी आपको मिल जाएगा।'



### दूध का हेयर मास्की

1 कप दूध में 1 बड़ा चम्मबच एलोवेरा जेल और 1 बड़ा चम्मच गुलाबजल मिक्सह कर लें। इसके बाद आप इस मिश्रण को बालों पर लगाएं। 30 से 40 मिनट के लिए मिश्रण को बालों पर लगा रहने दें और फिर आप बालों को वॉश कर लें। हफ्ते में एक बार आपको इस विधि से बालों को प्रोटीन ट्रीटमेंट देना होगा।

### अंडे का हेयर मास्क

आपके बाल अगर ड्राई हैं तो बालों में अंडे का पीला भाग लगाएं और यदि आपके बाल ऑयली हैं तो आपको अंडे का सफेद भाग बालों में लगाना चाहिए। अंडे में आप दही मिक्स कर सकती हैं। यह भी एक बहुत अच्छा नेचुरल प्रोटीन ट्रीटमेंट साबित हो सकता है।

### नारियल के दूध का हेयर मास्क

नारियल का दूध भी प्रोटीन का बहुत अच्छा सोर्स होता है। आप इसे भी बालों में लगा सकती हैं। नारियल का दूध आप यदि महीने में एक बार भी बालों में लगाती हैं और 40 मिनट बाद बालों को वॉश कर लेती हैं, तो बाल बहुत सॉफ्ट एवं स्मूथ हो जाते हैं।

### बादाम का तेल

बादाम भी प्रोटीन का अच्छा स्रोत होता है। आपको बाजार में बादाम का तेल आसानी से मिल जाएगा। बालों में बादाम के तेल की 10 मिनट मालिश करें और फिर बालों को हॉट टॉवल ट्रीटमेंट दें। इससे तेल बालों में अच्छी तरह से पेनिट्रेट हो जाएगा।

### देसी घी से करें मालिश

बालों के लिए देसी घी भी किसी वरदान से कम नहीं है। आप घी को थोड़ा सा गरम करें और फिर इससे बालों की मसाज करें। यदि आप हफ्ते में दो बार ऐसा करती हैं, तो आपके बालों को बहुत फायदा पहुंचेगा। आपके बाल मजबूत होने के साथ ही बहुत ज्यादा चमकदार भी हो जाएंगे।

## जंपसूट के ये ट्रेंडी डिजाइन कॉकटेल पार्टी में करें स्टाइल, लोग करेंगे तारीफ

फैशन





पार्टी में जाने के लिए हम अक्सर अलग-अलग तरह के आउटफिट को ट्राई करते हैं। ऐसा इसलिए ताकि स्टाइलिश के साथ-साथ हम खूबसूरत नजर आए। लेकिन कुछ आउटफिट ऐसे होते हैं जो दिखने में तो अच्छे होते हैं फिर भी स्टाइल करने पर उनमें लुक अच्छा नजर नहीं आता है। ऐसे में आप अपने आउटफिट लुक को चेंज करें और इस बार पार्टी के लिए जंपसूट को स्टाइल करें। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करना भी काफी आसान है साथ ही ये दिखने में स्टाइलिश भी लगते हैं।

**सीक्वेंस वर्क जंपसूट डिजाइन :** कॉकटेल पार्टी के लिए आपको कई तरह के आउटफिट डिजाइन मिल जाएंगे। जिनमें से आप सीक्वेंस वर्क वाले जंपसूट को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अपर साइड वर्क मिलेगा। नीचे की ओर प्लेन डिजाइन मिलेगा। अगर आप चाहे तो पूरे जंपसूट को सीक्वेंस वर्क डिजाइन में खरीद सकती हैं। इमें आपको अलग-अलग तरह के कलर ऑप्शन मिल जाएंगे। मार्केट से आपको यही जंपसूट 250 से 500 की रेंज में मिल जाएगा।

**वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन :** अगर आपको लुक पार्टी लुक को स्टाइलिश बनाना है तो इसके लिए आप वन शोल्डर जंपसूट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको काफी अच्छे-अच्छे डिजाइन मार्केट में मिल जाएंगे। आप चाहे तो फुल जंपसूट की तरह हाफ जंपसूट को खरीदकर पार्टी में वियर कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग तरह के कलर मिल जाएंगे। जिसे आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं।

**प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन :** कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें पार्टी में ज्यादा हैवी आउटफिट पहनना पसंद नहीं होता। ऐसे में आप प्रिंटेड जंपसूट डिजाइन (ग्राफिक प्रिंट आउटफिट डिजाइन) को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग प्रिंट मिल जाएंगे। जैसे- पैंथर प्रिंट, फ्लोरल प्रिंट, जिक जैक प्रिंट और पोल्का डॉट प्रिंट। इस तरीके के जंपसूट कॉकटेल पार्टी के लिए बेस्ट ऑप्शन होते हैं। इन्हें आप हैवी एक्सेसरीज के साथ स्टाइल करके अपने लुक को परफेक्ट बना सकती हैं। इसके साथ आप बेल्ट, ज्वेलरी और ट्रेंडी हेयर स्टाइल के साथ लुक को परफेक्ट बना सकती हैं।

## एक्ने से लेकर सूजन तक को कम करने में मदद करता है लौंग का पानी

लौंग का इस्तेमाल खाने से लेकर दांत के दर्द तक को ठीक करने के लिए किया जाता है। लौंग की चाय बेहद पसंद की जाती है। लौंग खाने से भी कई स्वास्थ्य लाभ मिलते हैं। इसी तरह लौंग का पानी भी फायदेमंद होता है। लौंग के पानी का उपयोग त्वचा पर भी किया जाता है।

**क्या लौंग का पानी चेहरे पर लगाना अच्छा है ?**

आप चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके उपयोग से त्वचा की रंगत निखरती है। साथ ही, एक्ने ब्रेकआउट्स भी नहीं होते हैं। अगर लौंग का पानी लगाने के बाद चेहरे पर जलन और खुजली जैसी समस्या होने लगे, तो तुरंत चेहरा धो लें।

**क्या लौंग के पानी से मुंहासे ठीक होते हैं ?**

ऑयली स्किन पर पिंपल्स आसानी से हो जाते हैं। पिंपल्स के कारण चेहरा भद्दा नजर आता है। पिंपल्स कम करने के लिए बाजार में तरह-तरह के प्रोडक्ट्स मिलते हैं, जिनके उपयोग से फायदा होता है, लेकिन ज्यादा नहीं। चेहरे पर पिंपल्स होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं।



### क्या मैं रोज अपने चेहरे पर लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हूं?


चेहरे पर मौजूद धूल-गंदगी को साफ करना बेहद जरूरी होता है। अन्यथा, त्वचा डल पड़ने लगती है। गंदी त्वचा पर मुंहासे भी होने लगते हैं। धूल के कारण पोर्स क्लॉग हो जाते हैं, जिससे चेहरे पर ब्लैक और व्हाइटहेड्स होने लगते हैं। लौंग के पानी से आप चेहरे को क्लींज कर सकती हैं।

**रैशेज की समस्या को कम कैसे करें :** गर्मी के मौसम में सनबर्न और एलर्जी के कारण रैशेज होने लगते हैं। रैशेज की वजह से खुजली की समस्या होने लगती है। रैशेज होने पर आप लौंग के पानी का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## दिखना है स्टाइलिश तो इन आउटफिट के साथ पहनें पर्ल ज्वेलरी

अगर आपको पर्ल ज्वेलरी स्टाइल करना पसंद है तो यहां बताए गए डिजाइन को आप आउटफिट के साथ मैच करके स्टाइल कर सकती हैं।

जब भी ज्वेलरी की बात आती है तो इन्हें ट्राई करने के लिए महिलाएं हमेशा रेडी रहती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम चाहते हैं कि जो भी हम स्टाइल करें उसमें खूबसूरत नजर आएं। इसके लिए अलग-अलग ज्वेलरी शॉपिंग भी हम करते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि एक जैसी ज्वेलरी पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं। ये दिखने में काफी रॉयल लगती है साथ ही इसमें आपको अलग-अलग ऑप्शन मिल जाते हैं।



**पर्ल ज्वेलरी सेट :** अगर आपको ज्वेलरी डिजाइन में कुछ नया ट्राई करने का मन है तो ऐसे में आप पर्ल ज्वेलरी सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे ऑप्शन मिल जाएंगे। जैसे- लेयर पर्ल ज्वेलरी, सिंगल लेयर पर्ल ज्वेलरी और हैवी पर्ल ज्वेलरी सेट। इन्हें आप अलग-अलग तरह के आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस तरीके सेट इंडियन और वेस्टर्न दोनों तरह की ड्रेस के साथ अच्छे लगते हैं। मार्केट में इस तरीके के डिजाइन आपको 500 से 1000 की रेंज में मिल जाएंगे।

**पर्ल इयररिंग्स :** मार्केट नें आपको कई सारे इयररिंग्स के डिजाइन मिल जाएंगे। जिन्हें आप आउटफिट के हिसाब से स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको लॉन्ग लेयर वाले इयररिंग्स (ऑफिस वियर के लिए इयररिंग्स) और स्टड वाले इयररिंग मिल जाएंगे। जिन्हें आप स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको अलग-अलग कलर भी मिल जाएंगे। इस तरीके के डिजाइन वाले इयररिंग्स को आप किसी भी आउटफिट के साथ वियर कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### अपने फैशन सेंस को निखारने स्टाइलिश सेलेब्स को फॉलो करें

*हालांकि फैशन के मामले में भी सभी स्टार टॉप पर नहीं होते हैं। कुछ ही सेलिब्रिटी की स्टाइल कमाल की होती है। उनके लुक को देखने वाले कहते हैं- 'वाह क्या कमाल की ड्रेस पहनी है और क्या लुक है ब्रो।' हम ऐसे ही कुछ स्टाइलिस्ट एक्टर की बात करने वाले हैं जिनके फैशनेबल फोटो सोशल मीडिया पर खूब पसंद किए जाते हैं। खासकर, गर्मी के सीजन में हम उनके समर लुक को देखेंगे। शायद उनका लुक हमें स्टाइलिश बनाने के काम आ जाए।*

## समर लुक में चाहिए कुछ हट कर तो स्टाइलिश सेलेब्स को जरूर देखें



### सिद्धांत चतुर्वेदी

सिद्धांत ऐसे एक्टर हैं जो कम समय में लोकप्रियता हासिल कर चुके हैं। उनको काफी पसंद किया जाता है। सिद्धांत चतुर्वेदी फिल्म गली बॉय के साथ चर्चा में आए। अगर फैशन सेंस की बात करें तो सिद्धांत चतुर्वेदी उसमें टॉप पर हैं। अगर आप इनके फोटो को देखें तो ये आपके लिए गर्मी में बेस्ट है। जो लोग घर पर रह रहे हैं वे लोग सिद्धांत के फैशन को फॉलो कर सकते हैं। उनकी स्टाइल सिंपल लेकिन अट्रैक्टिव है। सिद्धांत को इंस्टाग्राम पर 1.6 मिलियन यूजर्स फॉलो करते हैं।

### वरुण धवन

एक्टर वरुण धवन लंबे समय से अपने फैशन-स्टाइल को बरकरार रखे हुए हैं। अगर समर लुक की बात करें तो उनकी सिंपल ड्रेसिंग लाजवाब होती है। यही कारण है कि वरुण की फैन फॉलोइंग काफी है। इसलिए उनको अधिकतर लोग पसंद करते हैं। अगर हम फिल्मों की बात करें तो वरुण धवन उतने पसंद नहीं किए जाते हैं।



### सिद्धार्थ मल्होत्रा

एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा भी खुद को फैशन के मामले में आगे रखते हैं। अगर आप समर लुक की बात करते हैं तो वह बगैर सनग्लास के पूरी नहीं हो सकती। इसलिए परफेक्ट समर लुक के लिए सनग्लास पहनना न भूलें। यह बात आप सिद्धार्थ मल्होत्रा से सीख सकते हैं। इसलिए अब आपको भी अपने लिए एक सनग्लास ले लेना चाहिए।

### एक्टर सनी सिंह

नए दौर के स्टाइलिश एक्टर्स की बात करें तो उसमें एक्टर सनी सिंह भी शामिल हैं। सनी सिंह की हेयरस्टाइल और उनके स्नीकर्स युवाओं को काफी पसंद आते हैं। इसके अलावा उनका ड्रेस सिलेक्शन भी कमाल का है। निर्देशक लव रंजन की फिल्म 'प्यार का पंचनामा' के साथ सनी चर्चा में आए। इस मूवी में उनके किरदार को पसंद किया गया था। अब उनकी स्टाइल-फैशन को भी युवा पसंद करते हैं। गर्मी के मौसम के लिए बेहतर शर्ट की तलाश में हैं तो ऊपर वाली शर्ट के बारे में आपका क्या ख्याल है। एक बार इसको खरीदने के बारे में सोच सकते हैं।